हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





## इन तस्वीरों में देखिए..बिना डीजे के सुकून, भक्ति और सतरंगी परंपराओं का गणेश विसर्जन

# बिना डीजे 'मंगल-गान', बैंड धुमाल के साथ जन कल्याण

*रायपुर। डीजे पर बैन क्या लगा...गणेश विसर्जन में सतरंगी परंपराएं सड़कों पर उतर आईं। मन मोह लेने वाले नजारे दिख रहे हैं। मंजीरा बजाते हुए भक्त। बप्पा को विसर्जन के लिए ले जाते ढोल नंगाड़े बजाते हुए बच्चे। भक्ति गीतों के साथ नर्तक...गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ की मोहक आवाज सुनाई देने लगी। डीजे के शोर में गुम भक्ति से शहर सराबोर हो गया। फूहड़ फिल्मी गीतों का आतंक नजर नहीं आया, अश्लील डांस करते लोग सड़क पर नहीं दिख रहे हैं। डीजे की भयानक आवाज से खिड़कियां और आसपास गुजर रही गाड़ियों के शीशे नहीं हिल रहे। बुजुर्ग और मरीज परेशान नहीं हैं। ऐसा बरसों बाद दिखा है...यह परंपरा जारी रहे, कानून का राज कायम रहे, भक्ति में शहर लीन हो यही कामना है।*

**ऐसा उत्साह**







## *डिप्टी सीएम शर्मा का बड़ा बयान, कहा- भगवान का मामला, डीजे तो बजेगा*

*रायपुर। छत्तीसगढ़ में डीजे बजाने पर रोक को लेकर मचे बवाल के बीच उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। रायपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जो कहा है, उसका पालन होगा, लेकिन डीजे कैसे नहीं बजेगा। भगवान का त्योहार है, डीजे तो बजेगा। छत्तीसगढ़ में डीजे बजाने के मामले को लेकर हाईकोर्ट द्वारा प्रतिबंध का आदेश जारी होने के बाद से इस पूरे मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल इन दिनों गणेश विसर्जन चल रहा है। इस दौरान* शेष पेज 4 पर



### अब ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन

इधर राजधानी रायपुर तथा आसपास के इलाकों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इसी बीच डीजे की अनुमति नहीं मिलने से कोई भी समिति विसर्जन कार्यक्रम में डीजे की बुकिंग नहीं कर रही है। इसकी जगह ढोल-नगाड़े बजाए जा रहे हैं। साथ ही अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल किया जा रहा है। खास बात ये है कि शेष पेज 4 पर







## कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा तैयार रिपोर्ट को केंद्रीय मंत्रिमंडल की हरी झंडी

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कैबिनेट की मुहर, शीतकालीन सत्र में आएगा बिल

*'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की गई। रिपोर्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। माना जा रहा है कि अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। हालांकि, ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। कैबिनेट द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद कांग्रेस समेत 15 पार्टियों ने इसका कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस ने इसे अव्यवहारिक और असंगत बताया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोविंद समिति की सिफारिश के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। वैष्णव ने बताया कि रिपोर्ट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गयी। रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। उच्च स्तरीय समिति ने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की थी। समिति ने उसके द्वारा की गई सिफारिशों के शेष पेज 4 पर

### सियासी हलकों में विरोध, कांग्रेस सहित 15 विपक्षी दलों ने नकारा





**अब आगे क्या**

- एक राष्ट्र, एक चुनाव कोविंद समिति की सिफारिशों को दो चरणों में पूरा किया जाएगा
- पूरे देश में विस्तृत चर्चा की जाएगी और क्रियान्वयन समूह का गठन होगा
- सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची बनाई जाएगी
- पहले चरण में लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे
- दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर निकाय चुनाव होंगे

### पीएम मोदी प्रबल समर्थक

प्रधानमंत्री मोदी ने एक साथ चुनाव कराने के प्रबल समर्थक रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि विधि आयोग सरकार के तीन स्तरों - लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं तथा पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने और त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार बनाने के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

### संविधान में करने होंगे कुछ बदलाव

हालांकि, इसके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित करने की जरूरत होगी। एक मतदाता सूची और एक मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी।

**कांग्रेस बोली**

### अव्यवहारिक और असंगत

कैबिनेट द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद कांग्रेस समेत 15 पार्टियों ने इसका कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस ने इसे अव्यवहारिक और असंगत बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस योजना को जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा, यह सफल नहीं होगा। जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। विपक्षी दलों का मानना है कि एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराना न केवल व्यावहारिक दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इससे देश की संघीय ढांचे पर भी असर पड़ सकता है।

### इधर, नए चंद्र अभियान 'चंद्रयान-4' को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए चंद्र अभियान 'चंद्रयान-4' को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने तथा उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। एक बयान में कहा गया कि 'चंद्रयान-4' अभियान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को (वर्ष 2040 तक) चंद्रमा पर उतारने और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आधारभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसमें कहा गया, अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ने/हटने, यान के उतरने, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी तथा चंद्र नमूना संग्रह और विश्लेषण के लिए आवश्यक प्रमुख प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि 'चंद्रयान-4' अभियान के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए कुल 2,104.06 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि इसरो अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार होगा। उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से इस अभियान को मंजूरी मिलने के 36 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। बयान में कहा गया कि इससे संबंधित सभी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित किए जाने की परिकल्पना की गई है।

**खबर संक्षेप**

### ध्वनि प्रदूषण, लेजर लाइट पर सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण और



लेजर लाइट के अनियंत्रित इस्तेमाल पर अंकुश लगाने संबंधी याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि राज्य में गणपति पूजा जैसे त्योहार संपन्न हो चुके हैं। इसके अलावा बंबई उच्च न्यायालय ने पहले ही इस मुद्दे पर फैसले के उल्लंघन के मामलों में संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दायर करने की अनुमति दे दी है।

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया मारपीट व बर्बरता का आरोप

# लोहारीडीह कांड में कैद युवक की जेल में संदिग्ध मौत, एडिशनल एसपी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह आगजनी व हत्याकाण्ड में गिरफ्तार किए गए करीब 69 ग्रामीणों में से एक युवक प्रशांत साहू की बुधवार को जिला जेल में संदिग्ध मौत हो गई। मृतक के शरीर में कई गंभीर चोट के निशान को देखते हुए आरोप लगाया जा रहा है कि उसकी मौत पुलिस द्वारा बेरहमी से की गई पिटाई और बर्बता की वजह से हुई है। हालांकि पुलिस प्रशासन इन आरोपों का खण्डन करते हुए युवक की मौत मिर्गी का दौरा पड़ने होना बता रहा है, लेकिन अभी तक युवक की पीएम रिपोर्ट सामने नहीं आई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की आखिर युवक की मौत की वजह क्या है? वहीं दूसरी तरफ जिला जेल में हुई इस मौत के बाद राजनीति भी शुरू हो गई है और जिला कांग्रेस द्वारा युवक की मौत को लेकर शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।



*मृतक के परिवार को दिया जाएगा 10 लाख मुआवजा*

इतनों की हुई थी गिरफ्तारीः मामले में पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाकर कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के घरों में शेष पेज 4 पर

**कार्रवाई**

### सीएम के निर्देश के बाद एएसपी पर गिरी गाज

मामले में बुधवार की देर रात एडिशनल एसपी विकास कुमार को निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जेल में प्रशांत की मौत की सूचना मिलते ही वे कवर्धा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के बाद प्रथम दृष्ट्या एएसपी विकास कुमार को निलंबित किया गया है। इसी के साथ ही मृतक प्रशांत के परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। पूरे मामले में जो भी दोषी है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, किसी भी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी।

*मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान*

### महंत बोले- गृहमंत्री इस्तीफा दें

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में कानून



व्यवस्था की हालत बदतर होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। गृह विभाग संभालने वाले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कबीरधाम की हालात यह है कि वहां खुले आम खून शेष पेज 4 पर

### कांग्रेसियों ने की कार्रवाई की मांग

घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर शासन-प्रशासन, पुलिस अधीक्षक तथा प्रदेश के गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### गृह मंत्री, डीआईजी और डीजी जेल पहुंचे कवर्धा

घटना की जानकारी मिले के बाद देर शाम प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा, दुर्ग रेंज के डीआईजी दीपक झा और डीजी जेल हिमांशु काबरा भी कवर्धा पहुंचे। उन्होंने युवक प्रशांत साहू की जिला जेल में हुई संदिग्ध मौत के संबंध में जिला जेल एवं जिला पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से चर्चा की है। हालांकि अभी तक इनका कोई बयान सामने नहीं आया है।

# कश्मीर में पहले चरण की 24 सीटों पर 59 फीसदी वोटिंग, किश्तवाड़ अव्वल

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के सात जिलों में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो गया। लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। 24 सीटों पर हुए चुनाव में शाम 7.30 बजे तक 58.85 फीसदी वोटिंग हुए। कश्मीर का यह चुनाव इसलिए भी खास है क्योंकि 10 साल बाद राज्य के लोग पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए वोट कर रहे हैं। 90 विधानसभा सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए वोट डाले गए। 24 सीटों पर 219 उम्मीदवार मैदान में हैं।



### पुलवामा में कम वोटिंग

जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम 7:30 बजे तक मतदान प्रतिशत 58.85% रहा। इसमें किश्तवाड़ में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत - 77.23 फीसदी रहा। पुलवामा में सबसे कम 46.03 फीसदी (अनुमानित) मतदान हुआ।

### *भाजपा उम्मीदवार से धक्का-मुक्की*

*पहले चरण के मतदान के दौरान जम्मू-कश्मीर मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार के साथ धक्का-मुक्की की खबर है। शगुन किश्तवाड़ से चुनाव लड़ रही हैं, जहां सबसे अधिक वोटिंग हुई।*

## सरकार ने वापसी की सीमा बढ़ाई

# सहारा समूह के जमाकर्ताओं को अब 50 हजार रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सहारा समूह सहकारी समितियों के छोटे जमाकर्ताओं के लिए वापस की जाने वाली राशि की सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ने अब तक सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4.29 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपए जारी किए हैं।




### ये समितियां की गई थी अधिकृत

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सहारा समूह की चार बहु-राज्य सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं की वैध जमा राशि की वापसी के दावे प्रस्तुत करने के लिए सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल 18 जुलाई, 2023 को पेश किया गया था। ये सहकारी समितियां सहारा क्रेडिट शेष पेज 4 पर

## मां लिंगेश्वरी मंदिर गुफा का द्वार खुला, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# साल में एक दिन खुलता है मंदिर, संतान की कामना से आते हैं भक्त

भरत भारद्वाज ▶▶ फरसगांव

देवी-देवताओं की धार्मिक आस्था के लिए पूरे विश्व में प्रख्यात बस्तर के खूबसूरत वादियों में शिवलिंग के अवतार में मां लिंगेश्वरी विराजमान हैं। कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम आलोर झाटीबन की पहाड़ी के गुफा में मां लिंगेश्वरी का मंदिर है। यहां हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त अलग-अलग राज्यों से अपनी शेष पेज 4 पर

- घंटों कतार में खड़े रहकर किया मां लिंगेश्वरी के दर्शन



### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

बुधवार को समिति के पुजारियों द्वारा सुबह गुफा मंदिर का द्वार खोला गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने दिया गया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीड़ को देखते हुए दर्शनार्थियों के गुफा मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया गया। सभी गुफा शेष पेज 4 पर

### कई राज्यों से पहुंचे लोग

माता के दर्शन करने मध्यप्रदेश, आंध्राप्रदेश, तमिलनाडु, नागपुर, गोवा सहित छग राज्य के सभी जिलों के भक्त अपनी मन्नत लिए पहुंचे। जहां इस वर्ष मन्दिर खुलने से दो दिन पहले से ही मन्दिर के बाहर भक्तों की लंबी कतार लगना शुरू हो गई।

### *निःसंतान दंपती को माता के आशीर्वाद से होती है संतानः पुजारी*

*मां लिंगेश्वरी मंदिर के पुजारी नंदलाल दीवान ने बताया कि इस मंदिर की खासियत यह है कि जिन दंपतियों को संतान की प्राप्ति नहीं होता है। वे लोग मां लिंगेश्वरी मंदिर में आकर सच्चे मन से पूजा करते हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा खीरा चढ़ाया जाता है। फिर खीरे को पुजारी द्वारा प्रसाद स्वरूप दंपती को देते और उनके द्वारा नाखून से खीरे को दो हिस्सा कर खाते हैं। इसके बाद ही उन सभी लोगों की मनोकामना पूरी होती है।*

नई दिल्ली। लेबनान में हुए पेजर अटैक के बाद इजराइल की सुरक्षा एजेंसी मोसाद खबरों में है। सोशल मीडिया पर भी लोग बात कर रहे हैं कि मोसाद ने एक बार फिर दिखा दिया है कि किस तरह वह काफी ताकतवर है। साथ ही कहा जा रहा है कि मोसाद ने इस अटैक के जरिए अपनी इंटेलिजेंस का एक और प्रमाण दिया है। दरअसल, मोसाद को लेकर अक्सर कहा जाता है कि वो दुनिया की खतरनाक सीक्रेट एजेंसियों में से एक है। आइए, जानते हैं कि इसके एजेंट कैसे काम करते हैं और ये किस तरह खतरनाक मानी जाती है।

### लेबनान में हुए पेजर अटैक में इजराइल का आया है नाम सामने

# दूसरे देशों में छुपकर रहते हैं मोसाद के एजेंट, पता भी नहीं चलता

**मोसाद की कहानी...**

कहा जाता है कि इजराइल के पास सबसे व्यापक और संसाधनों से लैस इंटेलिजेंस एजेंसी है, जिसका नाम है मोसाद। रिपोर्ट्स के अनुसार, इजराइल की खुफिया एजेंसी के एजेंट और सूचना देने वाले लेबनान, सीरिया और कई देशों में मौजूद हैं और कई चीजों पर निगाहें रखते हैं। मौसद को सबसे ज्यादा ताकतवर इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि बार मोसाद ने चरमपंथी नेताओं को सटीक तरीके से मरवाया है और कई सीक्रेट जानकारी सामने लेकर आया है। इजराइल में मोसाद समेत तीन खुफिया एजेंसी हैं जिनमें शिनबेट और अमन का नाम भी शामिल है। इसमें शिनबेट भारत के इंटेलिजेंस ब्यूरो की तरह काम करती है और आंतरिक सुरक्षा देती है। इन एजेंसियों के नीचे कई और एजेंसियां भी हैं, जो सैटेलाइट, ह्यूमन इंटेलिजेंस, सिग्नल इंटेलिजेंस, सिग्नेचर इंटेलिजेंस पर काम करती हैं। इन एजेंसियों का नाम है- ह्यूमिट, जिऑइन्ट, मैसिन्ट, सिजिन्ट।



इजराइल की सुरक्षा एजेंसी मोसाद चर्चित है पूरी दुनिया में

**ह्यूमन इंटेलिजेंस पर ज्यादा काम**

*मोसाद की खास बात ये है कि ये टेक्नोलॉजी के साथ ही ह्यूमन इंटेलिजेंस पर ज्यादा काम करती है। पेजर अटैक में भी ह्यूमन इंटेलिजेंस के बदौलत ही ये अटैक करवाया गया है। मोसाद में 7000 कर्मचारी काम करते हैं, जिसमें खुफिया ऑपरेशन से जुड़ा काम स्पेशल ऑपरेशन डिविजन के पास होता है। मोसाद की रिपोर्टिंग सीधे प्रधानमंत्री को है और टेरेरिज्म यूनिट अलग अलग तरीके से काम करते हैं।*

**ऐसे रहते हैं मोसाद के एजेंट**

मोसाद एजेंट अक्सर उन लोगों के बीच रहते हैं, जहां उन्हें कोई ऑपरेशन करना होता है। इस पूरे प्रोसेस में वे लंबे समय तक वहां रहते हैं और अपनी पहचान पूरी तरह छिपाकर रखते हैं। जब मोसाद ने लेफ्टिनेंट कर्नल एडोल्फ आइकमन के खिलाफ ऑपरेशन किया था, उस वक्त मोसाद के एजेंट किराए का कमरा लेकर वहां आम आदमियों की तरह उस पर नजर रखते थे। फलस्तीन में विद्रोही संगठन हमास का लीडर महमूद अल-मबूह के खिलाफ दुबई में ऑपरेशन किया गया तो मोसाद के लोग फर्जी पासपोर्ट से वहां गए। वहां करीब 33 एजेंट ने मिलकर उसकी हत्या को अंजाम दिया। अक्सर मोसाद एजेंट ऑपरेशन से जुड़े लोगों के बीच रहकर काम करते हैं और आम आदमी की तरह रहते हैं। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए बाइक आदि का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं।

## खबर संक्षेप

### दिलजीत दोसांझ को फैन ने भेजा लीगल नोटिस

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिंगर दिलजीत दोसांझ भारत के 10 शहरों में दिल-लुमिनाटी टूर करने वाले हैं। टूर की अनाउंसमेंट के बाद से ही फैंस के बीच टिकट की मारा-मारी हो रही है। इसी बीच टिकट बुकिंग में हुई गड़बड़ के चलते दिलजीत दोसांझ लीगल पचड़े में फंसते नजर आ रहे हैं। दिलजीत पर धोखाधड़ी और हेरफेरी के आरोप लगे हैं। हफ्तों से टिकट का इंतजार कर रही एक फीमेल फैन को जब शो का टिकट नहीं मिल पाया, तो उन्होंने दिलजीत दोसांझ समेत ऑर्गेनाइजर्स को लीगल नोटिस भेज दिया है।

### बिग बॉस विनर फारूकी को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि 'बिग बॉस ओटीटी 2' विनर एल्विश यादव इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम दिल्ली में एक मैच खेलने आए थे, जहां उन्हें जान से मारने की धमकी मिली और फिर स्टेडियम को खाली करवा दिया गया। अब स्टैंड-अप कॉमेडियन और बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी की जान को भी खतरा बताया जा रहा है। जान से मारने की धमकी मिलने के बाद अब मुनव्वर मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं और साथ ही पुलिस ने उनकी सिक्योरिटी भी ज्यादा बढ़ा दी है।

### 20 कोच वाली देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने वाराणसी जंक्शन से 20 कोच वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की कमर्शियल सर्विस शुरू कर दी। यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन वाराणसी और राजधानी दिल्ली के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलती है। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते एक साथ देशभर के कई रूट के लिए नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनाई गई 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में अब पहले ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे।

### समाज को बांट रही है सपा और कांग्रेस : आदित्यनाथ

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये दोनों दल अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए समाज को जाति के आधार पर बांट रहे हैं और इनकी मंशा विभिन्न वर्गों के बीच टकराव को बढ़ावा देने की है। मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### कांग्रेस ने हरियाणा में जारी किया अपना चुनावी घोषणा पत्र

# महिलाओं को हर माह दो हजार रुपए, गरीबों को सौ गज जमीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को नई दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी घोषणापत्र के रूप में पार्टी की गारंटी जारी की है। इसमें 500 रुपए में गैस सिलेंडर, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और जाति आधारित सर्वेक्षण के वादे शामिल हैं। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वरिष्ठ नेता अजय माकन, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान और कई अन्य नेता मौजूद थे।

हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जाति आधारित सर्वेक्षण के साथ ही 18 से 60 साल तक की महिलाओं के लिए हर महीने 2000 रुपए की राशि, वृद्धों, दिव्यांगों और विधवाओं को हर महीने छह-छह हजार रुपए की पेंशन देने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि युवाओं को दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी।



कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जारी की कांग्रेस की गारंटी

**25 लाख रुपए का मुफ्त इलाज**

कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए भूखंड और दो कमरों के मकान दिए जाएंगे। कांग्रेस ने यह वादा भी किया है कि सत्ता में आने पर वह पुरानी पेंशन योजना को लागू करेगी तथा हर परिवार को 500 रूपये का रसोई गैस सिलेंडर देगी। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि नशा मुक्त हरियाणा बनाया जाएगा, नशे के कारोबार को खत्म कर, युवाओं को नशे के जहर से बचाया जाएगा। वहीं, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करते हुए 6000 रुपये वृद्धावस्था पेंशन, 6000 रुपये विकलांगता पेंशन, 6000 रुपये विधवा पेंशन योजना की बहाली की जाएगी। जाति जनगणना कराएंगे और क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख रुपये तक बढ़ाई जाएगी वहीं, तत्काल फसल मुआवजा दिया जाएगा।

**कांग्रेस के वादे**

- सभी महिलाओं (18-60 आयु) को 2000 रुपए प्रति माह
- 500 रुपये में गैस सिलेंडर
- बुजुर्गों, दिव्यांगों व विधवाओं को 6000 पेंशन
- कर्मचारियों को ओपीएस
- सरकारी विभागों में 2 लाख पक्की भर्तियां
- हरियाणा को नशा मुक्त बनाएगी
- तस्करों पर लगेगी नकेल
- 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज (चिरंजीवी योजना)
- 300 यूनिट मुफ्त बिजली
- 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व पक्का मकान देने की योजना
- किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी
- किसानों को तुरंत मुआवजे का प्रावधान
- ओबीसी की क्रीमी लेयर सीमा बढ़ाकर 10 लाख
- जातिगत सर्वे करवाया जाएगा

**आज जारी होगा बीजेपी का घोषणा पत्र**

*बीजेपी ने हरियाणा के लिए अभी तक अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे। वहीं इस बीच राज्य के चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के लिए बागी उम्मीदवार लगातार सिरदर्दी पैदा कर रहे हैं। बीजेपी के 17 और कांग्रेस के करीब 15 बागी मैदान में हैं। दोनों पार्टियां इसकी काट निकालने में लगी हैं। हालांकि, अब नाम वापस लेने की आधिकारिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लेकिन कोई भी उम्मीदवार मैदान से हटने की सार्वजनिक घोषणा अपने क्षेत्र में प्रचारित करा सकता है।*

### चुनावी कैंपेन में बोलीं विनेश

# 'ताई हाथ का निशान थप्पड़ का काम करेगा, 5 तारीख को दिल्ली में लगेगा जाकर'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की जुलाना सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार रेसलर विनेश फोगाट ने पार्टी चिह्न की तुलना थप्पड़ से की है। उन्होंने कहा कि ताई आपको पता तो है कि मेरा चुनाव निशान क्या है। हाथ का चुनाव निशान है ताई. कभी गलत जगह बटन दबा आओ। दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने कहा, 'हाथ का निशान थप्पड़ का काम करेगा, 5 तारीख को ये थप्पड़ दिल्ली में लगेगा जाकर। 10 साल में जो अपमान हमारा हुआ है, उसका बदला लेना है। उन्होंने बराह कलां गांव के मिलन समारोह में कहा, इस कार्यक्रम से एक नई प्रेरणा और उत्साह मिला। गांववासियों के आशीर्वाद से मेरा आत्मविश्वास और भी मजबूत हुआ है। हम सभी मिलकर गांव के विकास और खुशहाली की दिशा में काम करेंगे।



**इनसे है मुकाबला :** फोगाट का मुकाबला जुलाना में बीजेपी के उम्मीदवार कैप्टन योगेश बैरागी, जेजेपी के अमरजीत ढांडा, आईएनएलडी के सुरेंद्र लाठर और आप के कविता दलाल से है। विनेश फोगाट लगातार जुलाना में कैंपेन चला रही हैं।

**जनता चाहती इसलिए लड़ रही निर्दलीय : सावित्री जिंदल**

जिंदल समूह की 'मानद चेयरपर्सन' सावित्री जिंदल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से टिकट नहीं मिलने पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में हिसार से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि वह हिसार की जनता की मांग पर चुनाव लड़ रही हैं और यदि निर्वाचित हो जाती है तो वह सदन में उनकी आवाज मजबूती से उठाएंगी। हरियाणा की पूर्व मंत्री ने बातचीत में कहा, "हिसार की जनता मेरा परिवार है और वह चाहती थी कि मैं चुनाव लड़ूं।" कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां सावित्री सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता कमल गुप्ता के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। गुप्ता हिसार से दोबारा निर्वाचित होने के लिए किस्मत आजमा रहे हैं।

### गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा, विसर्जन रोका

# भिवंडी, भीलवाड़ा में गणेश विसर्जन के दौरान पथराव, मूर्ति हुई खंडित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गणेश विसर्जन के दौरान महाराष्ट्र और राजस्थान में विवाद शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान रैली पर पथराव किया गया। इसके बाद लोगों ने पत्थरबाजों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विसर्जन रोक दिया है। राजस्थान के भीलवाड़ा में गणेश मूर्ति विसर्जित किए जाने के बाद पंडाल में जानवरों के अंग मिले। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा के शाहपुरा इलाके में स्कूल और बाजार बंद कर दिए गए हैं। महाराष्ट्र के भिवंडी इलाके में मंगलवार देर रात गणेश विसर्जन जुलूस पर कुछ लोगों ने पथराव किया। इसमें मूर्ति खंडित हो गई। ठाणे के एडिशनल कमिश्नर ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया- मंगलवार रात करीब 12 बजे एक धर्मस्थल के पास कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, इससे विसर्जन के लिए जा रही मूर्ति खंडित हो गई। राजस्थान के भीलवाड़ा में बुधवार सुबह गणपति विसर्जन के बाद पंडाल में जानवर के अंग मिले। इसके बाद लोगों ने बाजार बंद करवाकर धरना दिया। हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

**दोनों गुटों में हुई हाथापायी**

पत्थरबाजी की खबर लगते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए। एक गुट ने कहा कि जब तक पत्थरबाजों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक विसर्जन नहीं होगा। दोनों गुटों में हाथापाई होने लगी, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक- एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### इधर, भरूच में पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला

भरूच (गुजरात)। गुजरात के भरूच जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान गाली-गलौज न करने को कहने पर एक हेड कांस्टेबल को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले एक व्यक्ति ने चाकू घोंप दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल को उसके सहकर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि वह अब खतरे से बाहर है। पुलिस उपाधीक्षक कुशाल ओझा ने बताया कि आरोपी महेश वसावा को अंकलेश्वर कस्बे में घटनास्थल से पकड़ा गया और ड्यूटी पर तैनात एक लोक सेवक की हत्या का प्रयास करने तथा उसे घायल करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

### ममता सरकार को डॉक्टरों का अल्टीमेटम

# मांगें पूरी होने तक करेंगे विरोध, सीएस दखल दें

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में इंसाफ की मांग कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने अपनी 5अहम मांगों के पूरा होने तक हड़ताल खत्म करने से मना कर दिया है। डॉक्टरों ने राज्य के मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखकर बैठक की गुजारिश की है ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाया जा सके और अस्पतालों में खतरनाक माहौल से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हो सके। डॉक्टरों ने लिखा, मीटिंग में हमें यकीन दिलाया गया था कि आपकी अगुवाई में एक खास टास्क फोर्स बनाई जाएगी जो इन मुद्दों को सुलझाएगी और इससे जुड़ी बातों पर हमसे चर्चा की जाएगी। हम आप और टास्क फोर्स के बाकी मेंबरों के साथ आज ही बातचीत करना चाहते हैं।




**कोलकाता के नए सीपी का पहला एक्शन एसएचओ अभिजीत मंडल सस्पेंड**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए लेडी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में गिरफ्तार ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को बुधवार को सस्पेंड कर दिया गया है। कोलकाता के नए सीपी मनोज वर्मा की न्यूक्ति के बाद ये पहला बड़ा एक्शन हुआ है। अभिजीत मंडल इस वक्त सीबीआई की गिरफ्त में हैं। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार के सेवा नियमों के अनुसार अभिजीत मंडल को निलंबित किया गया है। इसके तहत कोई सरकारी किसी कानून के तहत 48 घंटे से अधिक की अवधि के लिए हिरासत में है, तो उसे उसकी सेवाओं से निलंबित कर दिया जाता है।

### एलएसी विवाद के बीच बोले सीडीएस- उच्च स्तर की होनी चाहिए सैन्य तैयारी

**हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी एलएसी विवाद के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भारत की सैन्य तैयारी बड़े ही उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसमें छोटे और प्रचंड विवादों के साथ-साथ लंबी अवधि की लड़ाइयों में लड़ने के लिए भी तैयार रहने की जरूरत है। यह जानकारी सीडीएस ने नई दिल्ली में आयोजित फॉरेन सर्विस अटासे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए दी।




### मणिपुर राज्य से हो गई शुरुआत

# अब सीआईएसएफ कैंटीन से आम जनता भी खरीद सकेगी घरेलू सामान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आम जनता के जीवन को आसान बनाने और आम जनता के हित में एक नया काम शुरू किया है। सीआईएसएफ ने अपने केंद्रीय पुलिस कल्याण स्टोर यानी कैंटीन से आम जनता को घरेलू सामान मुहैया कराने का फैसला किया है। आम जनता को भी जवानों की तरह सभी सामानों पर छूट मिलेगी। फिलहाल इसकी शुरुआत मणिपुर से की गई है। यहां जवानों के लिए 21 केंद्रीय पुलिस कल्याण स्टोर पहले से चल रहे हैं। आम जनता इन स्टोर पर जाकर अपने लिए जरूरी सामान ले सकती है। इन 21 कैंटीनों के अलावा स्थानीय लोगों के लिए 16 नए आउटलेट भी खोले गए हैं। यह योजना केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई है। जल्द ही इसे दूसरे राज्यों में भी शुरू किया जाएगा।



**नया सहायक स्टोर भी शुरू :** सीआईएसएफ ने इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक नया सहायक स्टोर भी शुरू किया है। इसका उद्घाटन 17 सितंबर को सीआईएसएफ के डीआईजी हरिओम गांधी, इंफाल-पश्चिम एसपी एसएच शिवकांत सिंह और इंफाल एयरपोर्ट निदेशक चिपेम्मी कीशिंग ने किया। इस शुरुआत से आम जनता को काफी राहत मिली है। इस पहल से स्थानीय लोगों को बहुत कम दामों पर जरूरी सामान मिलने से काफी फायदा होगा। अभी तक सीआईएसएफ के स्टोर सिर्फ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस कर्मियों के लिए ही उपलब्ध थे, लेकिन अब बल के सभी 37 केंद्रीय पुलिस कल्याण स्टोर और आउटलेट मणिपुर की आम जनता के लिए भी खोल दिए गए हैं।

**हर उत्पाद पर 50 फीसदी की छूट**

*जिस तरह जवानों को सीआईसएसएफ आउटलेट पर खरीदारी पर छूट मिलती है, उसी तरह आम जनता को भी छूट मिलेगी। फिलहाल बताया गया है कि हर उत्पाद पर 50 फीसदी की छूट मिलेगी। सबसे खास बात यह है कि इन आउटलेट से उपलब्ध कराए जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होगी। यानी गुणवत्ता बहुत अधिक होगी और कीमत बहुत कम होगी। इसका उद्देश्य आम जनता को दैनिक जीवन और घरेलू उपयोग की वस्तुएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है।*


रायपुर
गुरुवार, 19 सितंबर 2024
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीय
वर्ष : 23, अंक : 64
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.7
न्यून. 23.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



3 लुक्स को लेकर समझाते हैं पति

विचार पेज
2 क्या कमला रच पाएंगी इतिहास

haribhoomi.com

# कल छूटेगी वंदे भारत ट्रेन, अभी दुर्ग, रायपुर, महासमुंद से ऑनलाइन 60 टिकट बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच शुक्रवार 20 सितंबर से पटरियों पर दौड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। दुर्ग, रायपुर के साथ महासमुंद स्टेशन से करीब साठ टिकट बुक हो चुके हैं। रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच ट्रेन को नौ स्थानों पर स्टापेज दिया गया है, जिसमें कुछ छोटे स्टेशन भी शामिल हैं। चेयरकार और एग्जिक्यूटिव क्लास में सफर का मजा लेने यात्रियों के बीच उत्सुकता तो है, लेकिन उस हिसाब से सीटें नहीं भर पा रही हैं। दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया था। ट्रेन 20 सितंबर से नियमित रूप से पटरी पर आएगी और गुरुवार को छोड़कर बाकी दिन इसका संचालन किया जाएगा। आठ घंटे में अपनी यात्रा पूरी करने वाली इस 16 बोगी वाली वंदे भारत ट्रेन में चेयरकार और एग्जिक्यूटिव क्लास की एक हजार से अधिक सीटें हैं। इस ट्रेन के पहले फेरे में सफर करने के लिए टिकट बुक कराने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शुरुआती दो दिनों में ऑनलाइन तरीके से छत्तीसगढ़ के तीन स्टेशनों से साठ टिकट ऑनलाइन बुक हुई हैं और ऑफलाइन टिकट खरीदने का सिलसिला भी जारी है। ट्रेन रवाना होने के चौबीस घंटे पहले अन्य ट्रेनों की तरह इसमें भी तत्काल टिकट बुक खरीदने की सुविधा दी जाएगी, जिससे काफी संख्या में टिकट बुक होने का अनुमान है। वर्तमान में नागपुर से बिलासपुर के बीच सप्ताह में छह दिन वंदेभारत एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। आठ बोगियों की इस ट्रेन में आवाजाही के दौरान साठ से सत्तर प्रतिशत यात्री सफर करते हैं।

## दुर्ग, रायपुर के साथ छोटे स्टेशनों के यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी ट्रेन

### रायपुर से ही ज्यादा टिकट बुक

सूत्रों के मुताबिक, इस ट्रेन के लिए ऑनलाइन रायपुर से ही ज्यादातर टिकट बुक किए गए हैं। बुधवार की स्थिति में रायपुर से चेयरकार की 27, ईसी क्लास की 6, महासमुंद से सीसी की 16 तथा ईसी की 5, वहीं शुरुआती स्टेशन दुर्ग से चेयरकार में सफर करने लिए तीन यात्रियों ने अब तक अपना टिकट बुक कराया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, इस ट्रेन में रायपुर से चेयरकार श्रेणी के 922, एग्जिक्यूटिव क्लास की 83 सीटें हैं। यह ट्रेन दुर्ग से शाम 5.45 बजे रवाना होकर 6.13 बजे रायपुर और 6.53 बजे महासमुंद पहुंचेगी।



20 सितंबर से सप्ताह में छह दिन नियमित रूप से चलेगी, नौ स्थानों पर स्टापेज

### विशाखापट्टनम का किराया 2700 रुपए

अन्य ट्रेनों की तुलना में तीन घंटे से कम समय में रायपुर से विशाखापट्टनम पहुंचाने वाली इस ट्रेन के लिए एग्जिक्यूटिव क्लास में चाय, लंच के साथ का किराया 2695 रुपए निर्धारित है, वहीं बिना लंच के यह सफर 2300 रुपए में कर सकेंगे। चेयरकार में इसके लिए 1495 और 1150 रुपए देने होंगे। दुर्ग से रवाना होकर विशाखापट्टनम पहुंचने तक वंदे भारत का रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम, विजयनगरम में स्टापेज दिया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में विस्फोट के मामले में



मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में सोमवार देर रात हुए विस्फोट में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।

### ऑटो पर पलटा डंपर, तीन बच्चों समेत सात की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में ऑटो रिक्शा पर डंपर पलट गया। इस हादसे में तीन बच्चों समेत



सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में दस अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना बुधवार शाम सिहोरा-मझगवां सड़क पर हुई। सभी मृतक और घायल पड़ोसी प्रतापपुर गांव के निवासी हैं।

### वीजा पर दंपती वापस शारजाह भेजा जाएगा

**इंदौर।** शारजाह से इंदौर आए एक दंपती को वीजा संबंधी तकनीकी दिक्कतों के चलते स्थानीय हवाई अड्डे पर रोका गया है। उन्हें संयुक्त



अरब अमीरात के इस शहर वापस भेजा जाएगा। दंपती एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के जरिये मंगलवार रात शारजाह से इंदौर पहुंचा था, लेकिन उनके वीजा के मुताबिक वह दिल्ली के हवाई अड्डे से ही भारत में प्रवेश कर सकते हैं।

### हाथी दांत संग पकड़े गए तीन तस्कर

**बरेली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और वन विभाग की टीम ने संयुक्त



कार्रवाई करते हुए तीन अंतरराज्यीय तस्करों को दो हाथी दांत के साथ गिरफ्तार किया है। वन्यजीव तस्करी रोकने के लिए संयुक्त कार्रवाई के तहत उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की एसटीएफ तथा वन विभाग की टीम ने तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

### मकान ढहने से तीन की मौत, 14 घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य क्षेत्र स्थित बापा नगर में दो मंजिला एक मकान के बुधवार सुबह ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। इस



घटना में 14 व्यक्ति घायल हो गए। मकान ढहने के बाद इसके मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है।

# खाने में मिर्च नहीं दी तो ताबड़तोड़ फायरिंग, दो जवानों की मौत, 1 गंभीर



बलरामपुर जिले के भुताही कैंप में घटना के बाद मचा हड़कंप

आरोपी को लिया गया हिरासत में, एसपी पहुंचे घटनास्थल

*बलरामपुर जिले के भुताही कैंप में बुधवार की सुबह बड़ी घटना हो गई। दरअसल खाने के दौरान मिर्च देने से मना करने पर सीएएफ के जवान ने 2 जवानों पर सर्विस रायफल से गोलियां चला दी। इससे 1 जवान की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे जवान के दोनों पैरों में गोलियां लगी है। वहीं एक अन्य जवान की मौत शॉक लगने की वजह से हो गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

खास खबर

सामरी में संचालित भुताही कैंप में बुधवार की सुबह सीएएफ के जवान ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद कैंप में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद घायल जवान को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही एसपी व आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। बता दें कि बलरामपुर जिले में नक्सल समस्याओं से निपटने के लिए भुताही में सीएएफ कैंप की स्थापना की गई है। इस कैंप से ही नक्सलियों के खिलाफ चुनचुना पुंदाग, ▶▶| शेष पेज 4 पर



### रास्ते में दूसरे जवान की मौत

जवानों को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल जवान संदीप पांडेय की रास्ते में ही मौत हो गई और अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीएएफ जवान अंबुज शुक्ला को दोनों पैरों में गोली लगी है।

### दूसरे जवान की भी गोली लगने से मौत

घटना के बाद मृतक जवान रुपेश पटेल का पीएम किया गया। डॉक्टरों के अनुसार मृतक को दो गोली लगी है और दोनों गोलियां पीठ की ओर से अंदर गई है। वहीं दूसरे जवान संदीप पांडेय की मौत भी शुरुआत में शॉक के कारण होने की बात कही जा रही थी लेकिन अब बताया जा रहा है कि मृतक जवान संदीप पांडेय को भी पीठ की ओर से एक गोली लगी है। फिलहाल मृतक रुपेश पटेल का ही पीएम किया गया है।



### अक्सर मजाक उड़ाते थे जवान

अब तक की प्रारंभिक जांच में यही बात सामने आई है कि कैंप में सीएएफ जवान अपने ही साथी अजय सिदार का अक्सर मजाक उड़ाया करते थे। साथियों द्वारा अक्सर मजाक उड़ाने से आरोपी आरक्षक अजय सिदार आक्रोशित रहता था। कुछ दिनों पहले भी गुस्से में उसने अपने ही साथी पर हथियार तान दिया था, जिसके बाद अधिकारियों ने उसके राइफल को अपने पास जब्त कर लिया था। बुधवार को भी खाना खाने के दौरान मिर्च को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। ऐसे में आक्रोशित अजय सिदार उठकर अंदर गया और किसी दूसरे जवान की इंसास राइफल लेकर पहुंचा। आरोपी ने जवानों पर पीछे से गोली चलाई इसलिए मृतक जवानों को पीठ पर गोली लगी है।

### चल रही है जांच

प्रारंभिक विवेचना में यह बात सामने आई है कि सीएएफ जवान का अक्सर उसके साथी मजाक उड़ाते थे। इस बात से ही वह काफी आक्रोशित रहता था। घटना के दौरान भी उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। आरोपी जवान ने दूसरे की राइफल लेकर गोली चलाई है। इस हादसे में दो जवानों की मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। तीसरे घायल जवान की हालत अब खतरे से बाहर है। मामले की जांच एसपी कर रहे है। जांच के बाद ही घटना का कारण पता चलेगा।

**-अंकित गर्ग**, आईजी सरगुजा

### एसपी कर रहे जांच

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आईजी अंकित गर्ग के निर्देश पर एसपी राजेश अग्रवाल व पुलिस के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए है। आरोपी आरक्षक अजय सिदार से पूछताछ की जा रही है। भुताही कैंप में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण फिलहाल अधिकारियों से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

ध्वजारोहण समारोह

# दुनिया के सबसे बड़े बांस टॉवर का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय बांस दिवस पर भव्य सृष्टि उद्योग परिसर ग्राम कठिया में बांस की गुणवत्ता को प्रस्तुत करने के लिए विश्व के सबसे बड़े बांस टॉवर का उद्घाटन और ध्वजारोहण समारोह हुआ। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाले 140 फीट ऊंचे बैम्बू (बांस) टावर का निर्माण भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा ने करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के केंद्रीय मंत्री सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रहे, जो सभी के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं साजा के विधायक ईश्वर साहू, बिसराराम यादव पूर्व प्रांत संघ चालक, बम्बू सोसाइटी ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन आर्टिरेक्ट सुनील जोशी, पूर्व पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. संकेत ठाकुर उपस्थित रहे।



पेजर हमले के एक दिन बार फिर धमाके

# लेबनान में अब वॉकी-टॉकी ब्लास्ट, नौ मौत, कई घायल



एजेंसी ▶▶| बेरूत

लेबनान में पेजर में हुए धमाकों के एक दिन बाद बुधवार को भी देश के कई हिस्सों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की घटनाएं हुईं। हिजबुल्ला अधिकारियों ने सरकारी मीडिया को यह जानकारी दी। हिज्बुल्ला अधिकारियों ने बताया कि खबरों के मुताबिक वॉकी-टॉकी और यहां तक सौर उपकरणों से भी निशाना बनाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ताजा धमाकों में कम से कम नौ लोग मारे गए और 300 अन्य घायल हुए हैं। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने बताया कि एक दिन पहले पेजर विस्फोट से मारे गए हिज्बुल्ला के तीन सदस्यों और एक बच्चे को बेरूत में सुपुर्द ए खाक करते समय भी कई धमाके सुने गए। दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में एपी के एक फोटोग्राफर ने धमाकों की वजह से एक कार और एक मोबाइल फोन की दुकान को क्षतिग्रस्त होते देखा।

### पेजर ब्लास्ट में अब तक 19 की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया है कि पेजर ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 19 हो गया है, जिसमें 2 बच्चे भी शामिल है। मंत्री के मुताबिक तुर्किये, इराक, ईरान, सीरिया और मिस्र ने मरीजों के इलाज में मदद की पेशकश की है। बेरूत एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक एक इराकी सैन्य विमान बुधवार को डॉक्टर्स की टीम और कुछ चिकित्सा उपकरण लेकर बेरूत में उतरा है।

### हर पेजर में था 3 ग्राम बारूद

सूत्रों के हवाले से बताया है कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने लेबनान पहुंचने से पहले 5000 पेजर्स में विस्फोटक लगाए थे। हर पेजर में 3 ग्राम विस्फोटक प्लांट करवाया था, एक अखबार ने दावा किया है इजराइल ने अमेरिकी अधिकारियों को हमले के बाद इस ऑपरेशन को लेकर ब्रीफ दिया है।

### इजराइल को जिम्मेदार ठहराया

इस हमले के लिए हिजबुल्ला ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और कहा है कि वह इसके लिए इजराइल को सजा जरूर देगा। उसने बुधवार की सुबह जारी किए गए एक बयान में कहा कि वह पहले की तरह इजराइल के खिलाफ अपने सामान्य हमले जारी रखेगा। गुरुवार को हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह पेजर धमाका मामले में बयान भी देंगे।

# नक्सली मांद में सड़कों के जाल के लिए छग को मिले 200 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से सड़क मार्ग का विस्तार होगा। केंद्र सरकार ने पहले जंगलों, सुदूरवर्ती गांवों में सडक निर्माण कर मुख्य सड़क से जोड़ने वाली परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि का आवंटन तय किया था, उसे अब एकदम से बढ़ाकर दोगुना यानि 200 करोड़ कर दिया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सली समस्या को मार्च 2026 तक ▶▶| शेष पेज 4 पर

- नक्सली मांद में सड़कों के जाल के लिए छग को मिले 200 करोड़, मप्र को 140 करोड़
- 9 राज्यों के 44 नक्सल प्रभावित जिलों में सड़क निर्माण योजना की रकम केंद्र ने की दोगुनी
- मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे को केंद्र प्रतिबद्ध, छग का अबूझमाड़ तेजी से बूझा जा रहा

आड़ावाल इलाके में नाकाबंदी कर बच्ची को बरामद कर दंतेवाड़ा पुलिस के किया सुपुर्द

# अगवा 18 दिन की बच्ची को ढाई घंटे में बस्तर पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के बचेली रेलवे कालोनी से बुधवार सुबह 18 दिन की बच्ची को अज्ञात लोगों ने अगवा कर लिया था। सूचना पर जिले में नाकाबंदी कर पड़ताल की जा रही थी। इसी दौरान दंतेवाड़ा पुलिस की सूचना पर बस्तर जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। रेलवे कॉलोनी के गंगूपारा में रहने वाली महिला छोटी सुबह अपनी दुधमुंही बेटी को घर में सुलाकर पानी ▶▶| शेष पेज 4 पर

- बचेली रेलवे कालोनी से किया था अपहरण, दो गिरफ्तार





### एक बजे मिली थी सूचना

एएसपी बस्तर महेश्वर नाग ने बताया कि दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा दोपहर एक बजे बच्ची के अगवा होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद जिले भर में नाकाबंदी कर बच्ची की तलाश की जा रही थी। इसी बीच आड़ावाल इलाके में नाकाबंदी कर एक आरोपी को बच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी व बच्ची को दंतेवाड़ा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

### दंतेवाड़ा जिले में दूसरी वारदात

दंतेवाड़ा जिले में 18 दिन के भीतर मासूम बच्चे को अगवा करने की यह दूसरी वारदात है। इससे पूर्व 1 सितम्बर की पोंदूम निवासी हिड़मो पोड़यामी के छह माह के बच्चे को अगवा कर लिया गया था। जिसका अब तक पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। बच्चे के अगवा होने के 19 दिन बाद भी सुराग नहीं लगने से आदिवासी समाज में आक्रोश देखा जा रहा है।

अमेरिका में चुनाव प्रचार के बीच पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले

# ट्रंप का दावा- मोदी अमेरिका यात्रा में मुझसे करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में इन दिनों जोरशोर से जारी राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह होने वाली अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। वह (पीएम मोदी) एक शानदार व्यक्ति हैं। भारत की तरफ से हालांकि अभी तक प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मुलाकात को लेकर आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। ट्रंप ने मिशिगन फ्लिंट में टाउन हॉल मीटिंग में पीएम मोदी से अमेरिका में जल्द मुलाकात का दावा किया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी का ▶▶| शेष पेज 4 पर



### विदेश मंत्रालय के कार्यक्रम में जिक्र नहीं

विदेश मंत्रालय ने बीते मंगलवार को एक बयान जारी कर केवल इतना कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा 21 से 23 सितंबर तक होगी। इसमें 21 सितंबर को वह राष्ट्रपति जो.बाइडन के डेलावेयर आवास पर आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और 23 सितंबर को पीएम न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक सत्र को संबोधित करेंगे।

### ट्रंप ने साल 2020 में भारत का किया था दौरा

अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने साल 2020 में भारत का दौरा किया था। उनके स्वागत के लिए दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें 100,000 से अधिक लोग शमिल हुए थे। दोनों नेताओं के बीच अच्छे संबंध है। वहीं इससे पहले साल 2019 में मोदी ने टेक्सास में हाउडी कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुलाया था। इसमें 50,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे।

### सबसे चतुर लोग हैं 'भारतीय'

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने टाउन हॉल मीटिंग में कई प्रश्नों के जवाब दिए। इनमें से जब उनसे व्यापार और टैरिफ को लेकर सवाल पूछा गया तो ट्रंप ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी एक शानदार व्यक्ति हैं। इनमें से बहुत से नेता शानदार हैं। उन्होंने कहा, भारत आयात पर भारी टैरिफ लगाता है। ये लोग सबसे चतुर लोग हैं। आप जानते हैं कि ये लोग अपने खेल के शीर्ष पर हैं और वह इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। ट्रंप ने भारत और ब्राजील को सख्त बताते हुए कहा कि चीन सबसे सख्त है।

## चिंतन

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की राह में कई चुनौतियां भी

जनगणना, जाति गणना, परिसीमन के संकेत के बाद अब पीएम मोदी की सरकार की ओर से 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की सिफारिश वाली पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट को मंजूरी प्रशासनिक सुधार की दिशा में सरकार के इरादे स्पष्ट कर रही है। हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि वह जल्द ही जनगणना कराएगी। यह वर्ष 2021 से लंबित है। कोविड के चलते टाल दी गई थी। वर्ष 2026 में परिसीमन होना है, इससे पहले सरकार जनगणना करवा लेना चाहती है, इससे परिसीमन करने में मदद मिलेगी। परिसीमन के बाद लोकसभा और राज्यसभा की सीटें बढ़ जाएंगी। 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल में चली संघ (आरएसएस या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की बैठक में जाति जनगणना के पक्ष में लेकिन परंतु के साथ हामी मोदी सरकार को संकेत है कि वह जाति गणना पर आगे बढ़ सकती है। चूंकि इन दिनों कांग्रेस जातिगणना की रट लगाए बैठी है, तो भाजपा नीत राजग सरकार जनगणना के साथ जाति गणना करवाकर कांग्रेस के हौव्वा की हवा निकाल देना चाहेगी। परिसीमन के बाद भाजपा अपने कोर एजेंडे में से एक वन नेशन वन इलेक्शन को भी पूरा करने की दिशा में बढ़ रही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से एक राष्ट्र एक चुनाव का राग छेड़कर संकेत दे दिया था कि अगले लोकसभा चुनाव से पूर्व यह फैसला लागू कर सकती है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश को सरकार द्वारा स्वीकार किया जाना इसी दिशा में बढ़ाया गया कदम है। समिति ने लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की है, इसके सौ दिन बाद स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की बात कही है। मंजूरी में सरकार के घटक दलों की भी हामी है। पीएम ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लोकतंत्र को अधिक जीवंत, सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना है। कोविंद समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा। उम्मीद है, विधि आयोग भी 2029 तक सरकार के तीनों स्तरों, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों में एकसाथ चुनाव प्रस्तावित करेगा। एक राष्ट्र एक चुनाव के कई फायदे हैं तो राह में कई चुनौतियां भी हैं। भाजपा इसे इसलिए जरूरी मानती है कि इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति मिलेगी। चुनावी खर्च बचेगा और मत प्रतिशत में इजाफा होगा। देश हमेशा चुनावी मोड में नहीं रहेगा। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। चुनाव आचार संहिता बार-बार नहीं लगेगी। देश में राजनीतिक स्थिरता लाने में मदद मिलेगी। चुनाव की वजह से बार-बार नीतियों में बदलाव की चुनौती कम होगी। रेवड़ियों की प्रवृत्ति पर लगाम लगेगी। गवर्नेंस पर जोर बढ़ेगा। पॉलिसी पैरालिसिस जैसी स्थिति से छुटकारा मिलेगा। प्रशासनिक अधिकारियों का समय और ऊर्जा बचेगी। एक राष्ट एक चुनाव व्यवस्था लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करना पड़ेगा। इसके बाद इसे दो तिहाई से अधिक राज्य विधानसभाओं से पास कराना होगा। कई विधानसभाओं को समय पूर्व भंग करना होगा। लागू होने के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रम को बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। कांग्रेस के आक्रामक विरोध के बाद राजनीतिक सहमति बनाना टेढ़ी खीर होगा। क्षेत्रीय दल नुकसान के भय से इसके विरोध में रहेंगे। नए ईवीएम व वीवीपैट का इंतजाम करना होगा। एक मतदाता सूची व एक मतदाता पहचान पत्र बनाने होंगे। सुरक्षा बलों की अधिक जरूरत होगी। देश में 1952, 1957,1962 व 1967 में एक साथ चुनाव हुए थे। 1983 में चुनाव आयोग ने अपनी सालाना रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की सिफारिश की थी। 1999 में विधि आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में एक साथ चुनाव करवाने की जरूरत याद दिलाई थी। विधि आयोग ने ही 2018 में एक मसौदा रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिस पर मोदी सरकार ने 2023 में कोविंद समिति का गठन किया था। 2024 के आम चुनाव में भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया। देखने वाली बात होगी कि सरकार संवैधानिक, प्रशासनिक व राजनीतिक चुनौतियों को पार करती हुई इस एजेंडे को कब से लागू करती है।

## धर्म-कर्म

शकुन्तला देवी



# पितृ पक्ष की महत्ता मात्र श्राद्ध और तर्पण तक सीमित नहीं

सभी तरह के कर्तव्य-कर्मों को धर्म बताया गया है। श्राद्ध और तर्पण भी कर्तव्य-कर्म के अंतर्गत आते हैं। क्योंकि इससे पितर तृप्त या संतुष्ट (प्रसन्न) होते हैं। सनातन परंपरा में इंसान की कई श्रेणियां बताई गई हैं। जो बगैर किसी स्वार्थ से कार्य करता है, वह देवता कहलाता है। जो अपने स्वार्थ के साथ दूसरे के स्वार्थ को भी साधता चलता है, वह मानव है। इसी तरह जो अपने स्वार्थ की वजह से दूसरे के स्वार्थ का नाश करता है, वह राक्षस कहलाता है और जो बगैर किसी स्वार्थ के दूसरों को सताने में सुख का अनुभव करता है, वह पिचास कहलाता है। जो पितर के लिए अपना कर्तव्य करते हैं वे सच्चे मायने में इंसान हैं। इसलिए श्राद्ध और तर्पण महज कर्मकांड नहीं हैं। इसके पीछे पारिवारिक, प्राकृतिक, वैज्ञानिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारण भी लगे हुए हैं। पशु-पक्षियों, दीन-हीन, विधवा और अपंग को भोजन और दान करना इस उत्सव की पहचान है। दान उसे करना चाहिए जिसे देने से लेने वाले का हित हो और देने वाले का भी हित हो।

दरअसल, श्राद्ध और तर्पण के बारे में इने-गिने लोगों को वेद और शास्त्रों के विधान मालूम हैं। इसलिए लोग महज पंडित को दान देने और गया में जाकर पिंडदान करना ही इस कर्मकांड का हिस्सा समझते हैं। जबकि यह पौराणिक परंपरा है। वैदिक परंपरा में जिंदा माता-पिता और बड़ों की सेवा और उनकी जरूरतों को पूरा करना ही श्राद्ध और तर्पण कहा गया है। संस्कृत भाषा में पितृ शब्द है जिसका मायने पिता होता है। यानी पालन व रक्षण करने वाला। परिवार के उन लोगों के लिए यह नहीं है जो अब परिवार में सशरीर नहीं हैं। वक्त जैसे-जैसे गुजरता जाता है वैसे वैसे अच्छी और उपयोगी ज्ञान व परंपराएं भी कर्मकांड बन जाती हैं। ऐसा ही कर्मकांड पितृ पक्ष में किए जाने वाले श्राद्ध और तर्पण हैं। यह कर्मकांड आज के दौर में पितृ पक्ष पर महज बाल बनवाने, पंडित को दान देने, हवन और पक्षियों को दाना या चारा देने तक सीमित हो गया है। पौराणिक परम्परा में क्वार (अश्विन माह) में श्राद्ध और तर्पण का विधान कर्मकांड के रूप में किए जाने की परम्परा है। इसमें दिए गए दान और भोजन का हिस्सा परलोक में जाकर भी मिलने की बात कही गई है। यह महज कल्पना ही है, इसमें कोई वैदिक विधान नहीं है। वैदिक और पौराणिक कर्मकांडों का मानव जीवन के साथ गहरा रिश्ता है। शास्त्र में पितरों के बारह स्थानों पर रहने का वर्णन है जिसमें वह स्थान जहां माता-पिता रहते हैं। वैदिक विचार के मुताबिक राष्ट्ररक्षा में उम्रदराज परिजनों की रक्षा व पालन-पोषण करने वाला विभाग पितृलोक कहा गया है। इससे भी यही साबित होता है कि जिन पूर्वजों की मौत हो गई है, उनके लिए परिजनों के लिए कोई क्रिया-कर्म वेद व शास्त्र सम्मत नहीं है।

शास्त्रीय विधान के अनुसार जिस कर्म या क्रिया से सत्य का ग्रहण किया जाए उसको श्रद्धा और श्रद्धा के साथ जो कर्म किया जाए, उसे श्राद्ध कहते हैं। तर्पण के बारे में वेद का विचार है कि जिस-जिस कर्म से माता-पिता व गुरुजन सुखी या खुशहाल महसूस करें, उसे तर्पण कहा गया है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक भी पितर मरे हुए को नहीं कहते हैं और न उनके लिए कोई कर्म बाकी होता है। क्योंकि हर इंसान अपने कर्म का फल ही भोगता है। दूसरी बात, मरने के बाद क्या साल भर पितर भूखे रहते हैं जो पन्द्रह दिन भोग लगा देने से पूरी तरह संतुष्ट हो जाते हैं। पौराणिक परंपरा में पितृ पक्ष में परिवारी जन जलांजलि देकर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं। वैदिक विचार से पता चलता है कि श्राद्ध और तर्पण का विधान जीवितों के लिए ही है। इसमें प्रकृति का जो पक्ष है, वह भी बहुत अच्छा है। कौओं, कुत्तों, गाय, चींटी और दूसरे जीवों के प्रति कर्तव्य निभाने का विधान इस तरह है कि सारी प्रकृति इन पन्द्रह दिनों में हमारे साथ एक हो जाती है। हमारी जो दूरी प्रकृति से बनी थी, श्राद्ध के आते ही वह दूरी खत्म हो गई।

(लेखिका धर्म चिंतन से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अमेरिकी चुनाव
डॉ. एन.के. सोमानी

# क्या कमला रच पाएंगी इतिहास

डिबेट के बाद हुए सर्वे में 63 फीसदी लोगों ने कहा कि कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर परफॉर्म किया जबकि 37 फीसदी लोग ही ट्रंप की परफॉर्मेंस से खुश दिखे। चुनाव का फैसला करने वाले सात राज्यों यानी स्विंग स्टेट्स में भी कमला को ट्रंप के साथ या तो बराबरी की स्थिति में या उनसे थोड़ा आगे दिखाया गया है। अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दावेदारी पेश करने वाली कमला में लोगों को एक सभ्य और शालीन देश के राष्ट्रपति की छवि नजर आ रही है। इन बहसों के जरिए काफी हद तक यह तय हो जाता है कि व्हाइट हाउस में आने वाले नए अमेरिकी प्रमुख का नजरिया दुनिया के प्रति कैसा रहने वाला है। चुनाव 5 नवंबर को होने हैं।

अमेरिकी गणतंत्र के 47वें राष्ट्रपति के लिए चुनावी मुकाबला आहिस्ता-आहिस्ता अंतिम दौर की ओर बढ़ रहा है। चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। कमला भारतीय मूल की नेता हैं और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की सरकार में उपराष्ट्रपति के पद पर कार्यरत हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच चुनाव को लेकर तल्खी इस कदर बढ़ चुकी है कि पिछले सप्ताह हुई दूसरी प्रेसिडेंसियल बहस में दोनों प्रत्याशियों ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा। फिलाडेल्फिया के एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में रखी गई डिबेट में दोनों प्रत्याशियों ने गर्भपात, गन कंट्रोल, राष्ट्रीय कर्ज, स्वास्थ्य व सामाजिक लाभ, इमिग्रेशन, अर्थव्यवस्था व विदेश नीति से संबंधित अपने-अपने दृष्टिकोण से अमेरिकी जनता को परिचित कराया। डिबेट के बाद हुए सर्वे में 63 फीसदी लोगों ने कहा कि कमला ने ट्रंप से बेहतर परफॉर्म किया जबकि 37 फीसदी लोग ही ट्रंप की परफॉर्मेंस से खुश दिखे। चुनाव का फैसला करने वाले सात राज्यों यानी स्विंग स्टेटस में भी कमला को ट्रंप के साथ या तो बराबरी की स्थिति में या उनसे थोड़ा आगे दिखाया गया है। अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दावेदारी पेश करने वाली कमला में लोगों को एक सभ्य और शालीन देश के राष्ट्रपति की छवि नजर आ रही हैं।

चुनाव 5 नवंबर को होने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में प्रेसिडेंसियल डिबेट की बड़ी अहम भूमिका होती है। चुनाव के दौरान होने वाली इस तरह की डिबेट में प्रत्याशी अपना चार वर्ष का एजेंडा व अमेरिका के प्रति अपना विजन मतदाताओं के समक्ष रखते हैं। चुनावी घोषणा-पत्र की तरह काम करने वाली इस तरह की डिबेट पर न केवल अमेरिकी मतदाता बल्कि दुनिया के दूसरे देश भी टकटकी लगाए रखते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि इन बहसों के जरिए काफी हद तक यह तय हो जाता है कि व्हाइट हाउस में आने वाले नए अमेरिकी प्रमुख का नजरिया दुनिया के प्रति कैसा रहने वाला है। यह दूसरी प्रेसिडेंशियल डिबेट थी।

इससे पहले 27 जून को मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और ट्रंप के बीच पहली डिबेट हुई। इस डिबेट में जो बाइडन काफी कमजोर साबित हुए। बाइडन की नाम वापसी के बाद राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर डिबेट में शामिल हुई कमला ने बेहतर परफॉर्म किया। उन्होंने ट्रंप को हर मोर्चे पर घेरने की कोशिश की। डिबेट के आरंभ में जब ट्रंप कमला पर भारी पड़ते दिखे तो कमला ने पूरे आत्मविश्वास के साथ दो टूक कह दिया कि वह न तो बाइडेन है और न ही ट्रंप। वह कमला हैरिस है जिसके पास ऐसा प्लान है जो नए अमेरिका का रास्ता खोलेगा। हैरिस के इस आत्मविश्वास और बेबाकपन को दर्शकों ने खूब पंसद किया। कमला ने पूरी बहस पर अपना कंट्रोल बनाए रखा और ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि पूरे डिबेट के दौरान ट्रंप डिफेंसिव मोड़ में रहे। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बहस को 6.75 करोड़ लोगों ने देखा। भले ही बाइडन के खिलाफ बहस में ट्रंप हावी दिखे लेकिन दूसरी बहस में कमला ने ट्रंप पर बढ़त बना ली। बहस के दौरान अमेरिका के लोगों को कमला की बातें



अधिक पसंद आई। हालांकि, ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने मंगलवार को हैरिस के साथ बहस में जीत हासिल की है। उन्होंने ट्रूथ सोशल मीडिया पर लिखा कि जब कोई पेशेवर पहलवान लड़ाई हार जाता है तो उसके मुंह से निकलने वाले पहले शब्द होते हैं- मैं दोबारा मुकाबला चाहता हूं। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने कट्टरपंथी वामपंथी उम्मीदवार कॉमरेड कमला हैरिस के खिलाफ बहस जीत ली है। इसलिए उन्होंने तुरंत दूसरी बहस की मांग की है। बहस के दौरान ट्रंप ने दावा किया है कि वह एक दिन में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवा सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि युद्ध रोकने के लिए उनके पास कौन सी जादुई छड़ी है।

पश्चिम एशिया भी हिंसा की गिरफ्त में है। ताइवान पर चीन के आक्रमण के हालात में ट्रंप के पास क्या योजना है? यह कुछ ऐसे बिन्दू हैं जिस पर ट्रंप कन्फ्यूजन की स्थिति में दिखे। दूसरी ओर विदेश नीति से संबंधित तमाम मसलों पर कमला ने बाइडन की नीतियों को जारी रखने के संकेत दिए। यद्यपि विदेश नीति के मामले में ट्रंप के दृष्टिकोण से अमेरिकी सहमत हैं पर महिलाओं, अप्रवासियों व विस्थापितों के प्रति उनका नजरिया बेहद प्रतिक्रियात्मक रहा है जिसे अमेरिका जैसे मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष पद के अनुरूप नहीं कहा जा सकता है। कमला ने कई बार कहा कि ट्रंप के पास कोई प्लान नहीं है। वह केवल अपनी और अमीरियत की बातें करते हैं। बहस के अंत में ट्रंप ने बाइडन को इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति और कमला को सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताया। पूर्व राष्ट्रपति ने बाइडन-हैरिस प्रशासन पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने देश को नष्ट कर दिया है। लाखों अपराधी और मानसिक रूप से विक्षिप्त लोग पूरी तरह से अनियंत्रित और बिना जांच के अमेरिका में घुस रहे हैं और मुद्रास्फीती ने हमारे मध्यम वर्ग को दिवालिया बना दिया है।

हम एक ऐसा राष्ट्र हैं जो गंभीर गिरावट में है। दुनियाभर में हमारा मजाक उड़ाया जा रहा है। उधर, कमला हैरिस ने कहा कि ट्रंप देश में बेरोजगारी छोड़कर गए। हमने लोकतंत्र पर हमला होते देखा। हम कैपिटल हिल की घटना को याद कर सकते हैं। ट्रंप ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद करके रख दिया था, जिसे बाइडन और उनके प्रशासन ने संभाला। कमला को बहस के बाद बने माहौल का भी फायदा मिला। कमला हैरिस ने कहा कि मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि उनकी आर्थिक नीतियों से अर्थव्यवस्था बढ़ेगी और ट्रंप की योजना से अर्थव्यवस्था सिकुड़ेगी। गोल्डमैन सैक्स ने पिछले सप्ताह एक विश्लेषक में यही कहा था। ट्रंप ने चीनी वस्तुओं को छोड़कर संयुक्त राज्य अमेरिका में आयातित अधिकांश वस्तुओं पर 10% से 20% टैरिफ का प्रस्ताव दिया है।

पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स अनुमान है कि इससे अमेरिकियों को प्रति वर्ष 2,600 डॉलर का नुकसान होगा। बहस के 24 घंटे के अंदर ही उन्हें 47 मिलियन अमेरिकी डॉलर का चंदा मिला। उम्मीदवारी के ऐलान के बाद से यह उनकी अब तक की सबसे मजबूत फंडरेजिंग परफॉर्मेंस है। एक समय ऐसा था जब लग रहा था कि ट्रंप दोबारा व्हाइट हाउस में जा सकते हैं। ट्रंप भी अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे। लेकिन कमला हैरिस की मजबूत उम्मीदवारी के बाद उनकी जीत का अंतराल कम होता दिख रहा है। हालांकि चुनाव सर्वे में ट्रंप अभी भी आगे दिख रहे हैं। लेकिन दोनों ही प्रत्याशियों की स्थिति ऐसी नहीं है कि भारी अंतराल से जीत की भविष्यवाणी की जा सके। चुनाव का परिणाम चाहे जो भी आए लेकिन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति वाले देश में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे दुनिया के लिए निर्णायक होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
## प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगों का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगों के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाए। लोगों ने उनके गूढ़ार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगों ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### श्राद्ध के प्रति रूढ़िवादी सोच बदलें

पितृपक्ष शुरू हो चुका है। इस दौरान अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किए जाते हैं। हमारे देश में पत्थर को भी पूजा जाता है। नदियों की पूजा की जाती है। अपने पूर्वजों को याद करने के लिए हमारे देश में श्राद्धों का आयोजन किया जाता है। हमारे देश की महान संस्कृति हमेशा ही संदेश देती है कि हमें अपने पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए। पूर्वजों का सम्मान करने से एक तो नैतिकता का संचार होता है, तो दूसरा उनके चलाए रास्तों पर चलने से कोई भी इनसान जिंदगी में कभी नाकामयाब नहीं होता है और न ही जिंदगी में कभी किसी काम में धोखा खाता है। कुछ लोग श्राद्धों को ढोंग या दिखावा बताते हैं, लेकिन उन लोगों को यह उत्तर देना चाहिए कि अगर आपके पूर्वज नहीं होते तो आपका इस दुनिया में कोई अस्तित्व नहीं होता। श्राद्धों के प्रति रूढ़िवादी सोच को बदलने की जरूरत है। *– प्रभाकर जोशी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### लाभार्थियों से मिला



अपनी हालिया गुजरात यात्रा के दौरान, मैं जगशीभाई सुथार के घर गया। उन्हें और उनके परिवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभ हुआ है। मैं इस योजना के अन्य लाभार्थियों से भी मिला।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अधिकारों का हनन



देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य का दर्जा छीन कर उसे केंद्र शासित बनाया गया हैश, ये जम्मू-कश्मीर वासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है, अपमान है। 'इंडिया' को दिया गया आपका एक-एक वोट आपके अधिकार वापस लौटाएगा।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारत में बदलाव आ रहा



सभी पुरुषों, महिलाओं, लड़कों और लड़कियों! मैं नहीं जानता कि आपमें से कितने लोग मुझसे सहमत होंगे। मुझे बताओ कि तुम क्या सोचते हो? क्या मैं अकेला हूं जो भारत में बदलाव देख रहा हूं?
-विराट कोहली, क्रिकेटर

### जो हुआ उससे सीखें



पूर्वजों से असहमत हो सकते हैं, उनकी भूलों का परिष्कार व परिमार्जन कर सकते हैं। किंतु उन्हें दिन-रात गरियाना कमजोर वर्तमान की निशानी होता है। जो हुआ उससे सीखकर वर्तमान व भविष्य के पथ पर प्रस्थान करना ही श्रेयस्कर होता है
-कुमार विश्वास, कवि व व्याख्याता

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने ई-वीजा परिवर्तन अभियान प्रारंभ किया

ब्रिटेन ने बुधवार को एक बड़ा अभियान शुरू किया और भारतीयों सहित देश भर में रह रहे सभी प्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे आव्रजन दस्तावेज का उपयोग करने के बजाए ई-वीजा को अपनाएं। ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की योजना के तहत भौतिक बायोमिट्रिक निवास परमिट (बीआरपी) या बायोमिट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) का इस्तेमाल करने वालों को अगले वर्ष तक पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। अधिकतर बीआरपी इस वर्ष के अंत तक समाप्त हो जाएंगे। उन्हें कई चरण में ऑनलाइन प्रणाली में लाया जा रहा है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय में प्रवासन एवं नागरिकता मंत्री सीमा मल्होत्रा ने कहा, 'जिन लोगों के पास आव्रजन दस्तावेज हैं, उनसे आग्रह है कि वे ई-वीजा अपनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं और जिन लोगों को सलाह और सहायता की आवश्यकता है मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूं कि उन्हें सारी सुविधा मुहैया कराई जाएगी।' गृह मंत्रालय ने कहा, ईवीजा अपनाना निशुल्क और बेहद सरल है। यह ग्राहकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करता है, किफायती है और ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करता है।



## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ

कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं – ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### सिंधु जल समझौते की समीक्षा के लिए भारत ने पाक को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूजः नई दिल्ली
भारत ने सिंधु जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) की समीक्षा को लेकर पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजा है। इसमें हालात में आए मूलभूत और अप्रत्याशित बदलावों की वजह से अब इस संधि के पुनर्मूल्यांकन पर जोर दिया गया है। इन बदलावों में सीमा पार आतंकवाद को भी एक कारण के रूप में भारत ने शामिल किया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत ने पाकिस्तान को समझौते के अनुच्छेद 12 (3) के तहत पिछले महीने के अंत में 30 अगस्त को यह नोटिस संधि के भेजा है।

### जापानी जलक्षेत्र में पहली बार चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर की घुसपैठ

**टोक्यो/ताइपेई।** चीन और जापान के बीच मौजूद दक्षिण चीन सागर एक बार फिर विवादों में है। दरअसल, बुधवार को चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर ने पहली बार जापानी जलक्षेत्र में घुसपैठ की। यह घुसपैठ तब हुआ है, जब चीन जापान के नजदीक एक बड़ा नौसैनिक अभ्यास कर रहा है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को पहली बार दो विध्वंसक पोतों के साथ चीन का एक एयरक्राफ्ट कैरियर जापान के दक्षिणी योनागुनी और इरिओमोटे द्वीपों के बीच से गुजरा।

### रूस के हथियार डिपो पर ड्रोन हमला कई मिसाइलें बम, गोला-बारूद तबाह

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के हथियार डिपो पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यूक्रेन की स्टेट सिक्योरिटी सर्विस के हवाले से बताया कि रूस के त्वेर क्षेत्र में यह हमला किया। यहां कई मिसाइलें, बम और गोला-बारूद तबाह हो गए। अलजजीरा के मुताबिक, ड्रोन हमले से टोरोपेट्स शहर में रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रमुख हथियार डिपो में बड़ा धमाका हुआ। इसमें इस्कंदर मिसाइल सिस्टम के लिए बैलिस्टिक मिसाइलें रखी हुई थीं। इसके अलावा यहां तोचका-U टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम और कई गाइडेड बम मौजूद थे।

## अगर 2029 में एक साथ हुए चुनाव तो ऐसी बनेगी स्थिति

# 17 राज्यों में 3 साल या उससे कम समय तक रहेगी सरकार

### वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करना कितना आसान, कितना कठिन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




मोदी सरकार के कैबिनेट ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार के 100 दिन होने पर की गई एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि इस सरकार में एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू किया जाएगा। यह पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बीजेपी के घोषणापत्र का वादा रहा है। लेकिन यह कैसे लागू होगा, कब होगा और क्यों ऐसा हो रहा है? ऐसे कई सवाल हैं। कांग्रेस ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को संविधान के खिलाफ बताया है।

पिछले साल मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर निगमों के चुनाव एक साथ कराने के तरीके सुझाने के लिए कोविंद कमेटी गठित की थी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली इस कमेटी ने लोकसभा चुनाव से पहले इस साल मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें अलग-अलग संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की गई थी। इस कमेटी ने सिफ़ारिश की थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं और इसके 100 दिनों के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं।

### बीजेपी बिल को कैसे कराएगी पास?

*बीजेपी के पास लोकसभा में 240 सीटें हैं। बहुमत के लिए उसे टीडीपी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ता है। अब ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि एक साथ चुनाव कराने की बीजेपी की योजना उसके सहयोगी दलों का समर्थन मिलेगा या नहीं? लेकिन भाजपा खेमे का कहना है कि ये सभी सहयोगी इसके लिए तैयार हैं।*

### नौ राज्यों में बदलेगा सत्ता का हिसाब-किताब

*अगर 2029 में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' होना है तो इसके लिए प्रक्रिया अभी से शुरू हो जानी चाहिए। अगर इससे जुड़ी सारी पेचीदगी को 2029 से पहले सुलझा लिया जाता है और यह करने के लिए देश पूरी तरह तैयार दिखाई देता है तो कई राज्य विधानसभाओं को उनके पांच साल के कार्यकाल से पहले भंग कर दिया जाएगा। यानी उनका कार्यकाल पूरा होने से काफी पहले चुनाव के लिए राज्य को तैयार होना होगा। पिछले साल जिन 10 राज्यों में नई सरकारें बनीं उनमें 2028 में फिर से चुनाव होंगे और नई सरकारें लगभग एक साल या उससे भी कम समय तक सत्ता में रहेंगी। ये राज्य हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, कर्नाटक, तेलंगाना, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात में चुनाव 2027 में होने हैं यानी इन राज्यों में 2027 में बनने वाली सरकारें दो साल या उससे कम समय तक चलेंगी। इसी तरह पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल में चुनाव 2026 में होने हैं। यहां ऐसी सरकारें होंगी तीन साल तक चल पाएंगी। केवल अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में जहां इस साल चुनाव हो चुके हैं या हो रहे हैं पांच साल तक एक ही सरकार चल सकती है।*

## कांग्रेस ने लगाया आरोप

# राहुल की लोकप्रियता से घबराई भाजपा, साजिश के तहत धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा घबराई है, इसलिए साजिश के तहत भाजपा नेताओं द्वारा उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। कांग्रेस ने इन धमकियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कानून विभाग के चेयरमैन डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पार्टी कानूनी सहारा लेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इन सभी नेताओं को कड़ी सजा मिले। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को धमकियां एक सोची-समझी योजना और साजिश के तहत दी जा रही हैं, क्योंकि भाजपा राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से खतरा महसूस कर रही है। विदित हो कि बुधवार को कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने स्थानीय थाने में यूपी, महाराष्ट्र समेत उन सभी नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है जिन्होंने राहुल गाँधी के खिलाफ हिंसात्मक बयान दिये थे।

### शाह की चुप्पी पर उठाए सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि क्या वे अपने लोगों को राहुल गांधी पर हमला करने के लिए उकसा रहे हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा कही गई बातों का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि राहुल केवल देश में व्याप्त नफरत के माहौल का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर उनके बयान का गलत अर्थ निकालकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

### भाजपा घबराई हुई पार्टी

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ. सिंघवी ने कहा कि भाजपा एक घबराई हुई पार्टी है। भाजपा नेताओं की राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी, राहुल गांधी की जान को खतरे में डालने की एक सोची समझी साजिश है। ये हिंसा और जंगलराज वाली राजनीति है, जिसकी परिभाषा में सिर्फ भय और घृणा है। सच्चाई ये है कि भाजपा में ऐसे हिंसक वक्तव्य ही आगे बढ़ने का जरिया हैं। लेकिन, कांग्रेस हर कानूनी तरीके का प्रयोग करेगी और ऐसे लोगों को सजा दिलाएगी। डॉ सिंघवी ने कहा कि यह विडंबना है कि भाजपा राहुल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जबकि उसी पार्टी के नेताओं ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पूरे समुदाय को बदनाम किया था।

# गोलीबारी के बाद दलितों के 80 घर फूंके, भारी पुलिस बल तैनात

### बिहार की नवादा में दबंगों का आतंक



**पटना।** बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का कहर देखने को मिला है। दबंगों ने बुधवार रात फायरिंग करते हुए लगभग 80 घरों में आग लगा दी. हालांकि, पुलिस 25 से 30 घरों में आग लगाए जाने की पुष्टि कर रही है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच कर कैंप कर रही है। यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भूमि विवाद को लेकर बवाल के बाद दलित बस्ती में आग लगा दी गई। भूमि विवाद में दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ, इस दौरान मारपीट और आगजनी की भी घटना हुई। इसके बाद कई घरों को आग लगा दी गई। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननौरा के पास स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती की है, जहां झड़प हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद नवादा सदर अंचल के अधिकारी विकेश कुमार सिंह, मुफस्सिल थाने की पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

### तेजस्वी ने बताया महा जंगलराज, महा दानवराज

नवादा की घटना पर पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव का बयान आया है। तेजस्वी ने इस घटना की तुलना महा जंगलराज। महा दानवराज. महा राक्षसराज से की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'महा जंगलराज. महा दानवराज। महा राक्षसराज. नवादा में दलितों के 100 से अधिक घरों में लगाई आग। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के राज में बिहार में आग ही आग। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेफिक्र, एनडीए के सहयोगी दल बेखबर. गरीब जले, मरे-इन्हें क्या? दलितों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं होगा। इस घटना पर नवादा एसडीपीओ सुनील कुमार ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
इरकॉन ircon

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा सं.: इरकॉन/2060/सीजीआरपी/ई-निविदा/24-25/गेवरा-पेन्ड्रा/बीएसपी-67 दिनांक: 19.09.2024

छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से पात्रता आवश्यकताएँ पूर्ण करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे में छत्तीसगढ़ रेल कॉरिडोर परियोजना की नई बी.जी. विद्युतीकृत डबल/सिंगल रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में सीईआरएल-I, सीईआरएल-II और सीईडब्ल्यूआरएल में पी.वे लिंकिंग कार्य की योजना बनाने तथा सर्वेक्षण हेतु प्रोफेशनल सेवाओं का प्रावधान" के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 32,68,683.07 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.10.2024 को 15.00 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक/सिविल/पीएच/सीजीआरपी,
प्रथम तल, दि आर्क, लिंक रोड, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001

### भूखे इंसानों को मांस मिल सके इसलिए जिम्बॉब्वे मारेगा 200 हाथी

**एजेंसी:नई दिल्ली।** जिम्बॉब्वे में चार दशकों का सबसे भयानक सूखा फैला है। फसलें खत्म हो गई हैं। लोगों के पास खाने को नहीं है। इसलिए यहां की वाइल्डलाइफ अथॉरिटी ने फैसला किया है कि वो 200 हाथियों को मारेंगे। उनके मांस को इंसानों को खिलाया जाएगा। वो इंसानी समुदाय जहां पर खाने की बहुत ज्यादा किल्लत है। दक्षिण अफ्रीकी देशों में इस समय अल-नीनो की वजह से सूखा पड़ा हुआ है। करीब 6.80 करोड़ लोग इससे प्रभावित हैं।







## शोक संदेश



जन्म
02/01/1952

निर्वाण
09/09/2024

ईश्वर के विधानानुसार मेरी अनुज वधु स्व. बंशीलाल महतो की धर्मपत्नि,
विकास एवं विवेक की माताश्री

### स्व. श्रीमती कौशल्या देवी महतो

का देहावसान दिनांक 09.09.2024, भाद्रपद शुक्ल षष्ठी, दिन सोमवार को हो गया है,
जिनका दशगात्र कार्यक्रम, पगड़ी रस्म, चन्दनपान आदि
दिनांक 19.09.2024 दिन गुरूवार तिथि आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया को होगा।
इस अवसर पर सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए
सादर श्रद्धांजलि अर्पित करने की कृपा करें।

**कार्यक्रम स्थल**
हमारा निवास परिसर (ऋषिकेश), सीतामढ़ी, मेन रोड, कोरबा (छ.ग.)
दिनांक : 19.09.2024, गुरूवार, समय : दोपहर 01.30 बजे से

शोकाकुल
महतो परिवार

विनीत :
निरंजन प्रसाद महतो
विकाश रंजन महतो (प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
डॉ. विवेक रंजन महतो

## जैकेट के शेष

### 'एक राष्ट्र, एक ....

क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' गठित करने का भी प्रस्ताव रखा था। समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य निर्वाचन प्राधिकारियों से विचार-विमर्श कर एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की। अभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारत के निर्वाचन आयोग की है जबकि नगर निगमों और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग कराते हैं। समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी।

### डिप्टी सीएम शर्मा ....

अब तक डीजे के साथ विसर्जन झांकियां निकाली जाती हैं, लेकिन इस बार हाईकोर्ट के आदेश के चलते जिलों में कलेक्टर डीजे बजाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। इस बात को लेकर डीजे संचालकों में भारी नाराजगी है। इधर रायपुर में कानफोड़ू डीजे बजाने के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राकेश गुप्ता को डीजे संचालक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी दी गई है। इस मामले की शिकायत रायपुर एसएसपी से की गई है।

### अब ढोल-नगाड़ों ....

'अब विसर्जन जुलूस बिना भारी शोर-शराबे के गरिमामय तरीके से निकल रहा है और इससे किसी को कोई परेशानी भी नहीं हो रही है।

### ये समित.यिां की ...

कोऑपरेटिव सोसायटी लि., लखनऊ, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसायटी लि., भोपाल, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लि., कोलकाता और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, हैदराबाद हैं।

### लोहारीडीह कांड में .....

घुस-घुसकर करीब 67 लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें 34 पुरुष तथा 33 महिलाएं शामिल हैं। वहीं करीब 160 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट भी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि इन 67 ग्रामीणों में सोमवार को प्रशांत साहू नाम के युवक की भी गिरफ्तारी की गई थी और उसे जिला जेल दाखिल किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के तीसरे दिन बुधवार को अचानक जिला जेल में बंद प्रशांत साहू की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई।

**गठित टीम के बीच कराया गया पंचनामा व पीएम :** परिजनों तथा कांग्रेस के आरोपों के बाद प्रशासन द्वारा एक टीम गठित की गई है। जिसमें एसडीएम, मजिस्ट्रेट सहित अन्य लोगों को शामिल कर मृतक का पीएम देर शाम जिला चिकित्सालय में कराया गया है। जिसकी वीडियोग्राफी भी कराए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि पीएम के पूर्व शव के पंचनामा में मृतक के शरीर में चोट के निशान नजर आ रहे हैं, लेकिन मौत की वजह पीएम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

**पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप :** न्यायालयीन अभिरक्षा में जिला जेल में बंद कैदी प्रशांत साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर जेल से बाहर आते ही सनसनी फैल गई और पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि आनन फानन में बगैर पंचनामा के ही मृतक का शव जेल से बाहर निकालकर सीधे जिला अस्पताल के शवगृह में लाकर रख दिया गया। जिसके बाद हंगामा मंच गया।

**यह थी घटना :** बीते रविवार को रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोहारीडीह के एक युवक कचरू साहू का शव फांसी के फंदे में लटका हुआ संदिग्ध अवस्था में गांव की सीमा से लगे मध्यप्रदेश में मिला था। मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों ने शिवप्रसाद (कचरू) की हत्या की आशंका उसी गांव के निवासी पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू पर जताते हुए रघुनाथ के घर पर हमला बोल दिया था और घर में आग लगाकर रघुनाथ की हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने रघुनाथ के परिजनों के साथ भी जमकर मारपीट की थी, यहां तक की घटना की जानकारी मिलने के बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव तथा उनके साथ पहुंचे पुलिस बल भी पथराव किया था।

### महंत बोले-....

की होली खेली जा रही है। अपराधियों को संरक्षण के चलते पुलिस पर भारी दबाव है। आम लोगों में दहशत का माहौल है। आज ही रेंगाखार थाने में गिरफ्तार 27 साल के युवा प्रशांत साहू की मौत, थाने में अत्यधिक मारपीट एवं प्रताड़ना के वजह से हुई है, इस घटना में रेंगाखार थानेदार एवं शामिल अन्य सिपाहियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार एवं तत्काल निलंबित किया जाए।

### ये समितियां की ....

कोऑपरेटिव सोसायटी लि., लखनऊ, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसायटी लि., भोपाल, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लि., कोलकाता और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, हैदराबाद हैं।

### मां लिंगेश्वरी मंदिर ...

मन्नत की कामना लिए दर्शन करने आते हैं। इसमें अधिकांश निःसंतान दंपती संतान प्राप्ति के लिए यहां आते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष की मंदिर समिति के पुजारियों द्वारा मां लिंगेश्वरी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर गुफा के सामने रखे के पत्थरों को हटा कर द्वार खोला गया। समिति के पांच पुजारियों द्वारा गुफा में प्रवेश कर मां लिंगेश्वरी की पूजा की। इसके बाद श्रद्धालुओं को माता के दर्शन हो पाए।

**दिखे बिल्ली के पदचिह्न, पुजारियों ने बताया अशुभ-अशांति के संकेत :** प्रतिवर्ष की भांति गुफा के अंदर प्रवेश कर रेत पर पद चिन्हों की खोज शुरू हुई। इस वर्ष गुफा के अंदर रेत पर बिल्ली के पद चिन्ह के निशान मिले। समिति के सदस्यों ने इन पद चिन्हों का मतलब बताया कि बिल्ली के पद चिन्ह अशुभ-अशान्ति के संकेत है।

### हजारों की संख्या .....

के बाहर से ही माता के दर्शन किए। निःसन्तान दम्पति सन्तान की कामना की मन्नत लेकर पहुंचे। वहीं ऐसे श्रद्धालु जिनके मन्नत पूर्ण हुई, वे अपनी संतान के साथ माता के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर के नीचे हजारों की संख्या में श्रद्धालु कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर माता के दर्शन किए।

## पेज एक के शेष

### खाने में मिर्च नहीं दी...

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जाता है। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर जवानों के बीच किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ था। इसी बीच सीएएफ जवान अजय सिदार उठकर अंदर गया और इंसास रायफल लेकर पहुंच गया। इससे पहले की जवान कुछ समझ पाते अजय सिदार ने अपने ही साथियों को अंधाधुंध गोलियां चला दी। गोली चलने की आवाज सुनकर कैंप में हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनकर कैंप के जवान मौके पर पहुंचे और अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया। इस बीच गोली लगने से सीएएफ जवान रूपेश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वहीं संदीप पांडेय, अंबुज शुक्ला, राहुल सिंह घायल हो गए।

### नक्सली मांद में ...

जड़ से उखाड़ फेंकने के ऐलान के बाद न केवल छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ को तेजी से बूझने का काम शुरू कर दिया गया, बल्कि बस्तर के जंगलों में सैन्य कैंपों की स्थापना को भी गति दे दी गई है। ताकि सेना के बूटों की धमक से नक्स्ली या तो मूलधारा में वापस आएं फिर सफाये को तैयार रहें। केंद्र सरकार के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि रोड कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट फॉर लेफ्ट विंग एक्ट्रीमिस्म अफेक्टेड एरिया योजना के तहत अब छत्तीसगढ समेत आंध्र, बिहार, झारखंड, मप्र, ओडिशा, तेलंगाना और उप्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सडकों का जाल बिछाने के लिए एक हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया है। इसमें सबसे अधिक दो-दो सौ करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ और झारखंड के लिए रखी गई है। इनके अलावा आंध्र को 150 करोड, बिहार को 20 करोड़, मप्र को 140 करोड़, महाराष्ट्र को 140 करोड़, ओडिशा को 20 करोड़, तेलंगाना को 110 करोड और उप्र को 20 करोड रुपये की राशि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सडक निर्माण के लिए आवंटित किये जा रहे हैं।

**नौ राज्यों के 44 जिले :** सूत्रों ने बताया कि नक्सल प्रभावित नौ राज्यों के 44 नक्सल प्रभावित जिलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर जंगली इलाके का फायदा उठाकर नक्सली प्रशासन का दबाव पड़ने पर एक राज्य से दूसरे राज्य में भागकर दुबक जाते हैं। ऐसे सभी क्षेत्रों को बेहतर पक्के सडकों से जोड़ने की योजना है। सडकें बनें, मशीनरी और मैन पॉवर को नक्सली नुकसान न पहुंचा पाएं उसका भी पुख्ता प्रबंध किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि गत 2 सितंबर को ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 9 नक्सल प्रभावित राज्यों के 44 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने के लिए 500 करोड़ रुपए की पूर्व निर्धारित योजना को बढ़ाकर 1 हजार करोड़ कर दिया है।

### अगवा 18 दिन की ...

भरने के लिए गई थी, जब लौटी तो बच्ची नहीं मिली। इसके बाद उसने आसपास के लोगों के अलावा पुलिस को सूचना दी गई। दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल इलाके में नाकेबंदी कर दी गई थी। इसके अलावा आप पास के जिलों में भी संपर्क किया गया था। जिसके बाद आड़ावाल इलाके से बच्ची को बरामद कर लिया गया है।

मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बच्ची को अगवा कर आरोपी दंतेवाड़ा से जगदलपुर के रास्ते ओडिशा भागने की फिराक में थे, लेकिन बार्डर पहुंचने से पहले उन्हे गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद कर लिया गया।

### ट्रंप का दावा- मोदी ...

अमेरिका का यह दौरा एक ऐसे समय में हो रहा है। जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में दो महीने का समय ही बाकी बचा है। इसमें रिपब्लिकन पार्टी से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट से पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव मैदान में हैं। अमेरिका में 5 नवंबर 2024 को आम चुनाव होगा।

## राशिफल

- **मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।
- **मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।
- **सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।
- **कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।
- **तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।
- **वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।
- **मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।
- **कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।
- **मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# 2025-26 तक 35,000 करोड़ व्यय

# पीएम-आशा योजनाएं जारी रखने कैबिनेट ने दी मंजूरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाएं जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस पर 15वें वित्त आयोग के दौरान 2025-26 तक 35,000 करोड़ रुपये कुल वित्तीय व्यय होगा।

सरकार ने किसानों और उपभोक्ताओं को अधिक कुशलता से सेवा प्रदान करने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम-आशा में मिला दिया है। पीएम-आशा की एकीकृत योजना इसके कार्यान्वयन में और अधिक प्रभावशीलता लाएगी, जिससे न केवल किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने में मदद मिलेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को किफायती मूल्यों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके मूल्यों में उतार-चढ़ाव को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। पीएम-आशा में अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ), मूल्य घाटा भुगतान योजना (पीओपीएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के घटक शामिल होंगे। मूल्य समर्थन योजना के तहत एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद 2024-25 मौसम से इन अधिसूचित फसलों के राष्ट्रीय उत्पादन का 25 प्रतिशत होगी, जिससे राज्यों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और संकटपूर्ण बिक्री को रोकने के लिए किसानों से एमएसपी पर इन फसलों की अधिक खरीद करने में मदद मिलेगी। हालाँकि, 2024-25 मौसम के लिए तुअर, उड़द और मसूर के मामले में यह सीमा लागू नहीं होगी क्योंकि 2024-25 मौसम के दौरान तुअर, उड़द और मसूर की 100 प्रतिशत खरीद होगी जैसा कि पहले फैसला किया गया था। सरकार ने एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद के लिए किसानों से मौजूदा सरकारी गारंटी का नवीनीकरण करते हुए उसे बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दिया है। इससे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को किसानों से एमएसपी पर दलहन, तिलहन और खोपरा की अधिक खरीद करने में मदद मिलेगी।

**खास बात**

- किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य देने में मिलेगी मदद, उपभोक्ताओं को किफायती मूल्यों पर होगी उत्पादों की उपलब्धता

### मुख्यमंत्री साय ने पीएम का जताया आभार



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री के इस मिशन से देश के 63,000 से अधिक आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों के आदिवासी गांवों के लोगों जीवन-स्तर में सुधार एवं समृद्धि आएगी। निश्चित ही इसका लाभ हमारे प्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों को मिलेगा। जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का सहृदय आभार और देश-प्रदेश के समस्त जनजातीय भाई-बहनों को ढेरों शुभकामनाएं।

### गणेश उत्सव पर लाउडस्पीकर बजाना हानिकारक तो ईद पर भी गलत

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि अगर गणेश उत्सव के दौरान एक लेवल से ज्यादा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना हानिकारक है तो फिर ईद में भी उसका वही असर होता है। कोर्ट ने कहा कि गणेश उत्सव की तरह ही लाउडस्पीकर का तेज बजना ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों में भी गलत है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान डीजे, डांस और लेजर लाइट्स के इस्तेमाल पर बैन लगाने की मांग करने वाली कई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही।


**झारखण्ड सरकार**
**क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना**
**पथ निर्माण विभाग, दुमका**

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं0:- RCD/FSD /AP/ DUM/13/2024-25 दिनांकः- 18.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Detailed Project Report for construction of road from Baskola Ghat to Gopalpur Diyara road at Sakrigali under road division Sahebganjin the State of Jharkhand. |
| 2. | अनुमानित लंबाई (मीटर) | Road – 6 कि०मी० Bridge – 400 मी० |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 60 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 20.09.2024, 05.00 बजे अपराह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0 | 8292901787 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0 | 0651-2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखें :- http://jharkhandtenders.gov.in
कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका
PR 335902 Road (24-25)_D



**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनेश्वरी साहू पति परमेश्वर साहू जाति तेली निवासी ग्राम सोरम, तहसील व जिला धमतरी का निवासिनी हूँ, जो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम धर्मिन साहू दर्ज है एवं पूर्व में धनेश्वरी साहू के नाम से भी आधार कार्ड बना हुआ था, जो मेरा ही नाम है, किसी अन्य महिला का नहीं है, वर्तमान में मुझे धनेश्वरी साहू के नाम से जाना एवं पहचाना जाए, न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमतरी में राजपत्र में प्रकाशन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त व्यक्ति के संबंध में शासकीय कार्यालय विभाग, राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक, वित्तिय संस्था अथवा अन्य किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग कार्यालय या अन्य किसी को भी किसी प्रकार से आपत्ति दावा हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अंदर अपने आपत्तिमय दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

अतः यह आम सूचना सद्भावनापूर्वक प्रकाशित कराई गई है।

दिनांकः 18.09.2024

**आवेदिका**
**धनेश्वरी साहू पति परमेश्वर साहू**
**ग्राम सोरम, तह. व जिला धमतरी**
**पिन कोड : 493773**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग**

क्रमांक/कार्य.अभि./सामा./1897 **विद्युत बंद की सूचना** डोंगरगढ़, दिनांक 18.09.2024

आगामी क्वांर नवरात्रि मेला पर्व 2024 को ध्यान में रखते हुए वितरण केन्द्र डोंगरगढ़ शहर के अंतर्गत आने वाले 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों का ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय :- सुबह 09:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक है।

| क्र. | दिनांक / दिन | फीडर का नाम | सबस्टेशन का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20/09/2024 शुक्रवार | 33 के.व्ही. ढारा एवं 11 के.व्ही. मंदिर फीडर | 33/11 के.व्ही. अछोली सबस्टेशन | 33/11 केव्ही पनियाजोब 33/11 के.व्ही. मुसरा सबस्टेशन के अन्तर्गत आने वाले समस्त ग्राम। |
| 2 | 20/09/2024 शुक्रवार | 11 के.व्ही. मंदिर फीडर | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ सबस्टेशन | ऊपर मंदिर में आने वाले समस्त क्षेत्र। |
| 3 | 21/09/2024 शनिवार | 33/11 केव्ही सबस्टेशन डोंगरगढ़ एवं 33 के.व्ही. मेंढ़ा फीडर | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन डोंगरगढ | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन डोंगरगढ से निकले वाले समस्त फिडर एवं 33/11 केव्ही, मेंढ़ा सबस्टेशन से निलने वाली समस्त फिडर। |
| 4 | 22/09/2024 रविवार | 33/11 के.व्ही. अछोली सबस्टेशन, 11 के.व्ही. बुधवारी फीडर | 33/11 के.व्ही. अछोली | 33/11 केव्ही सबस्टेशन अछोली, में आने वाले समस्त फीडर, बुधवारीपारा, शुक्रवारी पारा, रेलवे चौक, एक बत्ती पांच रास्ता चौक एवं कन्या शाला क्षेत्र इस फीडर में आने वाले समस्त वार्ड। |

नोट :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
"बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है"

कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पा. डिस्ट्री.कं. लिमि. डोंगरगढ़



**झारखण्ड सरकार क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।**
**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं0 :-RCD/FSD /AP/ DUM/12 /2024-25
दिनांकः-18.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Detailed Project Report for construction of road from NH-133 EVM Ware House to Dumariya more upto RCD road, under road division Godda in the State of Jharkhand. |
| 2. | अनुमानित लंबाई (मीटर) | 4.03 कि०मी० |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 30 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 20.09.2024, 05.00 बजे अपराह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0 | 8292901787 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0 | 0651-2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखें :-http://jharkhandtenders.gov.in
कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका।
PR 335899 Road(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Daltonganj.**

e-Procurement Notice
e-Tender Ref No- 4/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 889
Dated:- 13.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Strengthening-Widening / Reconstruction of Bishrampur – Mahugai - Itko More road (Total Length = 17.94.km) for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 51,20,13,110.00 (Rupees Fifty One Crore Twenty Lacs Thirteen Thousand One Hundred Ten) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 51,20,200.00 (Rupees Fifty One Lac Twenty Thousand Two Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 25.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 16.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 18.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 01.10.2024, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562-225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.
PR.NO.335928 Road(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या – 19/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 18.09.2024

1. कार्य का विवरण :-

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर उँटारी | RWD/GARHWA/52/2024-25 | मर्चवार स्कूल आर0ई0ओ0 रोड से जासा होते हुए नरही लौंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य। (2.650 कि0मी0) | 276.432 | दो करोड़ छिहत्तर लाख तेतालीस हजार दो सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 25.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 01.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 04.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561-299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
PR.NO.335961 NREP(24-25):D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा



**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाईण्ड बिल्डिंग, प्रथम तल्ला, एल0सी0 रोड, धनबाद**

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या:- 18/RWD/DHANBAD/24-25 दिनांक :- 18.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DHANBAD/ /12/24-25 | टुण्डी | कुबरीटॉड़ बजरंगबली मंदिर से कारीटॉड़ तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई -2.200 कि0मी0) | 231.149 | दो करोड़ एकतीस लाख चौदह हजार नौ सौ | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/DHANBAD/ /13/24-25 | टुण्डी | गोविन्दपुर-गिरिडीह मुख्य पथ से आमबगान विरामपुर होते मोहनाद आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण (लम्बाई -5.40 कि0मी0) | 705.384 | सात करोड़ पॉच लाख अड़तीस हजार चार सौ | 18 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/DHN/07/24-25 | निरसा | यशपुर भदड़ तालाब से श्मशान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई 1.00 कि0मी0) | 75.916 | पचहत्तर लाख एकानवे हजार छह सौ | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 21.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः- 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद, पिन-826001
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0326-3554757

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
PR 335936 Rural Work Department (24-25)_D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद


### शब्द पहेली - 5637

**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब-2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.माँ का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5636 का हल**

### सूडोकू नवताल - 5648

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल- 5647 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बदलते मौसम में हो जाए गले का इंफेक्शन



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ समय पहले गले में इंफेक्शन हुआ था। दवा लेने के बाद ठीक तो हो गया लेकिन अब खांसी बहुत आती है। प्लीज इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-अंकित, बिलासपुर**

मौजूदा समय के मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत आ रहा है। बारिश की वजह से ठंडी हो रही है और धूप निकलते ही गर्मी हो रही है। इसलिए वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ गई है। इसके बचाव के लिए आप ठंडी डिशेज खाने और ठंडा पानी पीने से परहेज करें। सुबह-शाम गुनगुने पानी से गरारा करें। कोशिश करें कि गर्मी से आने के बाद तुरंत पानी ना पिएं, कुछ देर रुकने के बाद ही पानी पिएं।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में रह-रहकर तेज दर्द होता है। यह दर्द कभी बाईं तरफ, कभी दाईं तरफ तो कभी पूरे सिर में होता है। कृपया इस समस्या से निजात पाने का उपाय बताएं।**

**-उज्ज्वल, भोपाल**

आप जिस तरह सिर दर्द के लक्षण बता रहे हैं, इसका कारण माइग्रेन भी हो सकता है। लेकिन उससे पहले एक बार आप आंखों की जांच करा लें। क्योंकि आंख कमजोर होने पर भी दर्द शुरू हो जाता है। अगर आंखें ठीक हैं तो जरूर आपको एक बार न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर से मिलना चाहिए। वह माइग्रेन से बचने के तरीके और दवा बताएंगे।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। मैं कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स की तैयारी करता हूं। मुझे रात में गहरी नींद नहीं आती है। इस वजह से अगला पूरा दिन आलस भरा बीतता है। क्या मैं नींद की गोली ले सकता हूं या अच्छी नींद के लिए मुझे कोई और तरीका अपनाना चाहिए?**

**-देवेश, रायपुर**

आपको नींद की दवा लेने से बचना चाहिए। नींद ना आने की वजह ढूंढनी चाहिए। उसके बाद उसका समाधान करना चाहिए। कोशिश करें कि रात में देर तक ना जागें और सोने से पहले हल्का गुनगुना दूध पिएं। सुबह और शाम सैर करें और खाना अधिक तला-भुना ना खाएं। हर काम का एक रुटीन बनाएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। पिछले दिनों मुझे डेंगू हुआ था। लेकिन अब बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-भूपेश, बालोद**

डेंगू की वजह से कई लोगों को लंबे समय तक कमजोरी रहती है तो कुछ जल्दी रिकवर हो जाते हैं। आप कोशिश करें कि अधिक प्रोटीन वाली चीजें खाएं। खाने में फल, दही और सलाद जरूर शामिल करें। ज्यादा कमजोरी लगे तो जरूर डॉक्टर से विटामिन और प्रोटीन की दवा लिखवा लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। एक साल पहले खेलने के दौरान मेरी कलाई में मोच आ गई थी। मालिश और पट्टी करने से दर्द ठीक हो गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिर तेज दर्द शुरू हो गया है। अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-लक्ष्य, बहादुरगढ़**

हड्डियों में चोट का दर्द, कई बार मौसम बदलने पर परेशान करता है। ऐसे में जब मौसम बदले तो उस हिस्सों का एक्सपोजर कम हो, इसका ध्यान रखें। ज्यादा दर्द होने पर गर्म पानी में नमक डालकर सिंकाई करें, जरूरत पड़े तो पेन किलर खा सकते हैं।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। बचपन में मुझे चिकन पॉक्स हुआ था। क्या मुझे शिंगल्स होने का रिस्क ज्यादा है? इससे बचाव के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जयराम, जबलपुर**

चिकनपॉक्स और शिंगल्स, दोनों एक ही वायरस से होता है। लेकिन अलग-अलग तरीकों से विकसित होते हैं। आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, वे आपकी मेडिकल कंडीशन देखकर वैक्सीन सजेस्ट करेंगे या बचाव के तरीके बताएंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड अल्जाइमर्स-डे, 21 सितंबर

अगर आप मिड एज को पार कर चुके हैं, हर छोटी-मोटी बात भूल जाते हैं या आपको याद्दाश्त संबंधित कोई समस्या है तो यह एक गंभीर बीमारी हो सकती है, जिसे अल्जाइमर कहा जाता है। यह न्यूरोलॉजी संबंधी रोग है, जिससे ब्रेन सेल्स नष्ट होने लगती हैं। वर्ल्ड अल्जाइमर्स-डे के अवसर पर यहां विस्तार से बता रहे हैं इस रोग के लक्षण, इसके दुष्प्रभाव और इसके उपचार के बारे में।

डॉक्टर्स एडवाइस

# बढ़ती उम्र में मेमोरी लॉस हो सकता है अल्जाइमर्स



अल्जाइमर एक गंभीर न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारी है, जिसमें धीरे-धीरे मस्तिष्क की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। अल्जाइमर से संबंधित मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। यहां विस्तार से बता रहे हैं, अल्जाइमर रोग क्या होता है? इसके लक्षण क्या होते हैं? इससे ग्रस्त रोगी को क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?

### क्या है अल्जाइमर और इसके प्रभाव

अल्जाइमर रोग और इसके प्रभावों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में डायरेक्टर एंड सीनियर कंसलटेंट- न्यूरोलॉजी, **डॉ. बिप्लब दास** कहते हैं, 'अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया यानी मनोभ्रंश का सबसे सामान्य प्रकार है। यह एक न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट करता है, जिसके परिणामस्वरूप स्मृति में कमी, सोचने की क्षमता और व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है। रोग की शुरुआती अवस्था में व्यक्ति को हाल की घटनाओं को याद रखने में कठिनाई होने लगती है। जैसे-जैसे रोग का प्रभाव बढ़ता है, व्यक्ति अपनी दिनचर्या के सामान्य कार्यों को करने में असमर्थ हो जाता है। उसे अपने परिवार और दोस्तों को पहचानने में कठिनाई होने लगती है और उसके संज्ञानात्मक कार्यों में भी गिरावट आने लगती है। यदि वह समय रहते अस्पताल नहीं पहुंचता तो बाद में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।'



### रोग के कारण

अल्जाइमर रोग को समझने के लिए इसके कारणों को भी समझना बहुत जरूरी है। अगर आप इसको समझ लेंगे तो पहले से ही सावधानी बरतने लगेंगे और बचने के उपाय अपनाएंगे। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, **डॉ. राजुल अग्रवाल** डिटेल में बताते हैं, 'अल्जाइमर रोग के सटीक कारणों के बारे में डॉक्टरों को अभी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन ज्यादातर मामलों में यह बीमारी कई कारकों के मिलने से होती है। इसमें उम्र बढ़ना यानी ओल्ड एज, सबसे बड़े जोखिम कारकों में से एक है। उम्र बढ़ने से मस्तिष्क में सूजन और न्यूरांस का नुकसान इस रोग के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। कुछ लोगों में आनुवांशिक कारकों के चलते भी रोग का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा मस्तिष्क में असामान्य संरचनाएं, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, व्यायाम की कमी और खराब खान-पान जैसे कारक भी अल्जाइमर के रिस्क को बढ़ा सकते हैं।'ये सभी या इनमें से कुछ कारण जब व्यक्ति में एक साथ मौजूद होते हैं तो अल्जाइमर रोग का विकास हो सकता है।'

### अल्जाइमर रोग के लक्षण

अगर आप अल्जाइमर रोग के लक्षणों पर पहले से ही ध्यान देते हैं, सतर्क रहते हैं और समय रहते डॉक्टर से संपर्क करते हैं, तब काफी हद तक आप समय रहते इस पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-न्यूरोलॉजी, **डॉ. गौतम अरोड़ा** बताते हैं, 'अल्जाइमर रोग के लक्षणों का विकास धीरे-धीरे होता है और समय के साथ ये गंभीर होते जाते हैं। शुरुआती लक्षणों में व्यक्ति को हाल की घटनाओं को याद रखने में कठिनाई महसूस होती है, वह अकसर एक ही सवाल को बार-बार पूछ सकता है। इसके अलावा ध्यान और एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में कठिनाई, समय और स्थान की समझ में भ्रम होना जैसे लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। इन लक्षणों की वजह से मरीज के दैनिक कार्य प्रभावित हो जाते हैं। उसे गाड़ी चलाना, खाना बनाना जैसे सामान्य कार्यों को करने में भी दिक्कत होने लगती है। उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। उन्हें लोगों को पहचानने में भी कठिनाई महसूस हो सकती है।

अल्जाइमर रोग की पहचान के बाद इसका इलाज उसकी स्थिति के अनुसार ही किया जाता है।'



### डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट

अल्जाइमर रोग की पहचान और ट्रीटमेंट के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स का कहना है कि इस रोग को डायग्नोज करने के लिए रोगी और उनके परिवार से उनके अनुभव किए गए लक्षणों के आधार पर मानसिक स्थिति परीक्षण, मस्तिष्क के स्कैन जैसे एमआरआई या सीटी स्कैन आदि के माध्यम से रोग की पुष्टि की जाती है। हालांकि अल्जाइमर रोग का कोई पूर्ण इलाज अभी उपलब्ध नहीं है, लेकिन मेडिसिनल ट्रीटमेंट के माध्यम से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है। लक्षणों को कम करने के लिए डॉक्टर कुछ दवाइयों और संज्ञानात्मक व्यवहार उपचार (सीबीटी) आदि की सलाह दे सकते हैं। इसके साथ ही स्वस्थ आहार और जीवनशैली, व्यायाम और भावनात्मक समर्थन भी जरूरी है। रोगी के परिवार को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि यह कोई फिजिकल डिजीज नहीं है। ऐसे में इसके ट्रीटमेंट में दवा से ज्यादा इमोशनल सपोर्ट कारगर हो सकता है। पेशेंट के साथ समय बिताना, उनसे बातें करना और उनकी परेशानी को समझते हुए, हर संभव मदद करने से रोगी को इससे उबरने में काफी मदद मिल सकती है। *

घरेलू औषधि

## स्वास्थ्य के लिए वरदान करी पत्ता



मीठी नीम के नाम से जाना जाने वाला करी पत्ता, स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। करी पत्ता, अधिकांश भारतीय घरों के किचेन में मौजूद रहता है। करी पत्ता के अद्भुत लाभों के कारण इसे एक सुपर फूड भी माना जाता है। इसमें मौजूद फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी, इसे सुपर फूड बनाते हैं।

**खाली पेट खाने के फायदेः** सुबह-सुबह खाली पेट करी पत्ता खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। सुबह खाली पेट करी पत्ता खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करने में मददगार है। करी पत्ते के नियमित सेवन से पेट साफ रहता है और पेट से जुड़ी दूसरी समस्याएं भी दूर होती हैं।





**ब्लड शुगर करे कंट्रोलः** करी पत्ते का सेवन ब्लड शुगर स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें मौजूद फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स, शरीर में ग्लूकोज के अवशोषण को धीमा करते हैं, जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है।

**वजन करे कमः** करी पत्ते का नियमित सेवन शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन घटाने में सहायक होता है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो सुबह खाली पेट करी पत्ता खाना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

**त्वचा-बाल रखे हेल्दीः** करी पत्ते में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा और बालों को स्वस्थ बनाते हैं। सुबह करी पत्ता का सेवन करने से त्वचा में निखार आता है और बालों का झड़ना कम होता है। यह बालों को प्राकृतिक रूप से काला और घना बनाने में भी मदद करता है। करी पत्ता में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स, इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। सुबह खाली पेट इसका सेवन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे बीमारियों से बचने में मदद मिलती है। इसे दैनिक आहार के रूप में शामिल करने से शरीर को स्वस्थ और फिट रखा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

वैसे तो बरसात और इसके बाद के बदलते मौसम में मोमोज या कोई अन्य स्ट्रीट फूड खाने से बचना चाहिए। अगर आप खाना ही चाहते हैं तो पूरी सावधानी बरतें और ऐसी शॉप से बिल्कुल ना खाएं, जहां हाईजीन का ध्यान ना रखा जाता हो।

# स्ट्रीट फूड मोमोज कर सकते हैं बीमार


खान-पान

राजकुमार 'दिनकर'

इस मौसम में गरम-गरम मोमोज को लाल चटनी और मयोनीज के साथ एंज्वॉय करते यंगस्टर्स मार्केट के हर गली, नुक्कड़ में दिखते हैं। मोमोज के बारे में आमतौर पर यह माना जाता है कि भाप में पके वेज मोमोस सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। मोमोज की फिलिंग में कई तरह की चीजों का इस्तेमाल होता है। चिकन, पनीर, चॉकलेट, सोयाबीन और भी कई तरह की वैरायटी में मोमोज मिलते हैं, जिन्हें लोग चटखारे लेकर खाते हैं। कुछ वर्षों से छोटे-बड़े शहरों में यह स्ट्रीट फूड एक बेहद पॉपुलर फूड बन गया है। तिब्बत में बेहद शौक से खाए जाने वाले मोमोज, अपने स्वाद और सस्ते मूल्य में मिलने के कारण अपने देश में भी बहुत पॉपुलर हो गए हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि बारिश के इस मौसम में जब हवा में नमी बढ़ जाती है और गर्मी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फंगस के पनपने का खतरा सबसे ज्यादा होता है, उन दिनों में स्वाद से भरपूर ये लजीज मोमोज बीमारी का जरिया भी बन सकते हैं।



**संक्रमण का कारणः** वास्तव में मोमोज हार्मफुल नहीं होते हैं। लेकिन कुछ दुकानदारों द्वारा इन्हें बनाने का तरीका इतना गलत होता है कि ये खाने वाले को बीमार कर देते हैं। कई स्थानों पर जहां मोमोज बनाए जाते हैं, वहां बड़े-बड़े फ्रीजर में इन्हें बनाकर महीनों तक स्टोर किया जाता है। ये मोमोज लंबे समय तक संरक्षित रखने के कारण अंदर से सड़ जाते हैं, उसके बावजूद इन्हें धड़ल्ले से बाजार में बेचा जाता है। मानसून में जब पानी भी प्रदूषित हो जाता है तो प्रदूषित पानी का इस्तेमाल भी कुछ ठेले वालों द्वारा किया जाता है, जो हैजे और टाइफाइड की वजह बन सकता है। इस मौसम में साफ-सफाई रखना एक चुनौती भरा काम होता है। कई स्ट्रीट फूड वाले ना तो साफ-सफाई की कोई व्यवस्था करते हैं और ना ही वे साफ पानी का इस्तेमाल करते हैं, जिसके कारण लोगों के बीमार होने के खतरे कई गुना बढ़ जाते हैं। इसके अलावा मोमोज में फिलिंग के लिए जिस चीज का इस्तेमाल किया जाता है, उनमें बैक्टीरिया पनपने का सबसे ज्यादा डर होता है। इन्हें खाकर उल्टी, दस्त, डायरिया और बुखार भी हो सकता है। ज्यादा नमीयुक्त वातावरण में इनमें फंगस की वृद्धि कई गुना बढ़ जाती है, जिसके कारण इनसे फंगल इंफेक्शन हो सकता है। मानसून में नोरोवायरस और रोटावायरस अनुकूल वातावरण में कई गुना वृद्धि करते हैं, जो भोजन और पानी के जरिए हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं, जिससे पेट दर्द, डायरिया और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



### बचाव के उपाय

- बाजारों में खुले में बिकने वाले मोमोज खाने से बचना चाहिए। अगर खा ही रहे हैं तो इस बात की तस्दीक कर लें कि मोमोज सही ढंग से पके होने चाहिए। कच्ची फिलिंग वाले मोमोज बीमारी का कारण बन सकते हैं।
- अच्छी तरह जांच कर लें, जहां से आप मोमोज खा रहे हैं, वहां इसे ताजा बनाया गया हो। भूलकर भी बासी या खराब फिलिंग वाले मोमोज ना खाएं।
- अगर आप बाहर मोमोज खा रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वहां साफ-सफाई से काम हो रहा है या नहीं। ऐसे स्टॉल का चयन करें, जो पकाने के लिए साफ-सुथरे बर्तनो और शुद्ध पानी का इस्तेमाल करते हैं।
- इस मौसम में पेट से संबंधित बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। लिवर में इंफेक्शन हो सकता है। खराब पानी और भोजन से हेपेटाइटस ए और ई हो सकता है। इसलिए खाने से पहले हाथ अच्छी तरह से धोएं, शुद्ध जल पीएं। घर का बना स्वच्छ खाना खाएं। यदि आपको बुखार, थकान, भूख ना लगना, पीले दस्त आना या पीलिया के लक्षण दिखें तो डॉक्टर से संपर्क करें। *

योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'

# शरीर को लचीला बनाए नटराजासन

कम गतिशील जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अनेक लोग मिड एज तक पहुंचते शरीर में जकड़न और दर्द से परेशान हो जाते हैं। अगर आप इससे बचना चाहते हैं और अपने शरीर में लचीलापन बनाए रखना चाहते हैं तो नटराजासन का अभ्यास कर सकते हैं। इसकी विधि और लाभों के बारे में जानिए।



हर कोई चाहता है कि उसका शरीर चुस्ती-फुर्ती और लचीलेपन से भरपूर हो। लेकिन हमारी आजकल की जिस तरह की जीवनशैली है, उसके कारण 40 की उम्र होते-होते ही शरीर अकड़ने लगता है। इसलिए जो लोग चाहते हैं कि उनका शरीर ताउम्र चुस्त और लचीला बना रहे, उन्हें रोज नटराजासन का अभ्यास करना चाहिए।

**पौराणिक मान्यताः** नटराजनासन का भगवान शिव से सीधा रिश्ता है। नटराज मूर्तियां, वास्तव में भगवान शिव की योगासन करते हुए की मूर्तियां हैं। नटराजासन के बारे में एक पौराणिक कथा है, कहते हैं कि एक बार एक ऋषि जंगल में अपनी पत्नियों के साथ हवन कर रहे थे कि वहां अचानक भगवान शिव और मां पार्वती प्रकट हो गए। भगवान शिव को देखते ही ऋषि पत्नियां हवन छोड़कर उन्हें प्रणाम करने चली गईं, इससे क्रोधित हुए ऋषि ने अपस्मार नामक एक बौने राक्षस को शिव और पार्वती पर आक्रमण करने का आदेश दे दिया। उसने पार्वतीजी पर शस्त्र से प्रहार किया, जिससे वो अचेत हो गईं। पार्वती को अचेत देख भगवान शिव को क्रोध आ गया और उन्होंने 14 बार अपना डमरू बजाया, जिससे वह बौना राक्षस अचेत हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। अब भगवान शिव अपने दाएं पैर को उस बौने राक्षस के सिर पर रखकर नृत्य करने लगे। इसलिए हम नटराज की मूर्ति में जो भगवान शिव के चरणों के नीचे पड़े शख्स को देखते हैं, वह बौना राक्षस अपस्मार ही माना जाता है। माना जाता है कि भगवान शिव के इसी रूप को देखकर भरत मुनि ने ढाई हजार ईसा पूर्व नाट्यशास्त्र और भरतनाट्यम की रचना की थी। इस तरह इस योगासन के साथ धार्मिक और पौराणिक कथाएं भी जुड़ी हैं, जो इसके महत्व को दर्शाती हैं।

**कई तरह से लाभकारीः** नटराजासन वास्तव में हमारे स्ट्रक्चर और मूवमेंट का खूबसूरत योग है। ये हमें शारीरिक रूप से ही नहीं दिमाग से भी मजबूत बनाता है। चूंकि इस आसन में शरीर को एक पैर पर बैलेंस बनाना होता है, इसलिए यह हमारे शरीर को जबरदस्त संतुलन साधने की शक्ति देता है। इस आसन से हमें गहरी आंतरिक शांति का एहसास होता है। इसके अलावा भी नटराजासन करने के कई फायदे हैं। मसलन-

- इससे हमें स्ट्रेस से छुटकारा मिलता है और फोकस करने की हमारी क्षमता बढ़ती है।
- यह आसन हमारे पोश्चर को सही बनाता है।
- यह आसन नियमित रूप से करने से हमारा चेस्ट, एंकल्स, हिप्स और लेग्स मजबूत होते हैं।
- इस आसन को रोज करने से शरीर में जबरदस्त लचीलापन आता है।
- यह हमारे ग्रोइंग एब्डॉमिनल ऑर्गन और जांघों को अच्छा स्ट्रेच देता है।
- यह आसन पाचन को बेहतर बनाता है। वेटलॉस में भी मदद करता है।
- इस आसन को करने से हममें जो जबरदस्त संतुलन की क्षमता बढ़ती है, उससे हम शारीरिक ही नहीं मानसिक संतुलन भी बहुत अच्छी तरीके से साध पाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं।

**आसन करने की विधिः** नटराजासन करने के लिए सबसे पहले अपने योगा मैट पर ताड़ासन की मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब सांस भीतर लें और बायां पैर पीछे की ओर उठाएं। पैर का यह उठाना इस हद तक हो कि पैर की एड़ी आपके बाएं हिप्स को टच करने लगे और इस दौरान घुटना मुड़ा रहे। इस मुद्रा में पूरे शरीर का वजन दाएं पैर पर रहेगा। इसके बाद दाईं जांघ का दबाव हिप्स के जोड़ की तरफ डालें। अब दाएं घुटने को ऊपर की तरफ खींचते हुए जोर डालें कि मजबूत और सीधा बना रहे। इस दौरान धड़ को बिल्कुल सीधा रखें और बाएं हाथ से बाएं पैर को पकड़ने की कोशिश करें। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान धड़ को बिल्कुल सीधा रखें और सुनिश्चित करें कि निचली पीठ दबी हुई ना हो बल्कि नाभि की तरफ उठी हुई हो। इस आसन को शुरुआत में 15 से 30 सेकेंड तक करें और बाद में जब तक परेशानी ना हो, तब तक बढ़ाएं। *

### रखें इन बातों का ध्यान

**नटराजासन करते** हुए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बेहतर है कि यह आसन सुबह के वक्त किया जाए, जब वातावरण में शुद्ध ऑक्सीजन अच्छी-खासी मात्रा में होती है। लेकिन अगर शाम के वक्त यह आसन कर रहे हों तो तभी करें, जब कम से कम 5 से 6 घंटे पहले भोजन कर लिया हो। यह भी सुनिश्चित कर लें कि यह आसन करने के पहले आपने शौच कर लिया है। नटराजासन बहुत लाभकारी आसन है। लेकिन अगर आपको ब्लड प्रेशर की जरा भी शिकायत हो तो इस आसन को भूलकर भी ना करें। शुरुआत में नटराजासन योगा ट्रेनर की देख-रेख में ही करें। जब करने में परफेक्ट हो जाएं, तब ही अकेले करने की कोशिश करें। इसे करते हुए जरा भी किसी भी किस्म की परेशानी महसूस हो तो योगा एक्सपर्ट और अपने घरेलू डॉक्टर से इस बारे में पहले बात जरूर कर लें।

# लुक्स को लेकर समझाते हैं पति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने बताया कि कई बार जब वो किसी इवेंट के लिए तैयार हो रही होती हैं तो खुद ही अपने लुक्स को लेकर संतुष्ट नहीं हो पाती हैं। कैट ने बताया कि तब उनके पति विकी उन्हें समझाते हैं। एक चैट के दौरान कैटरीना कैफ ने बताया कि उनके फिजिकल अपीयरेंस को लेकर शिकायतों पर उनके पति विकी कौशल का क्या रिएक्शन होता है। कैटरीना कैफ ने बताया कि उन्हें खुद के साथ रोजाना उतना ही शालीन होना पड़ता है, क्योंकि उनका कॉस्मैटिक ब्रांड Kay Beauty By Katrina (के ब्यूटी बाय कैटरीना) का मतलब है It's Kay to be You (जो आप हो वो होना ठीक है)। कैटरीना कैफ से जब पूछा गया कि उनके ब्रांड के लिए उनका एडवर्टाइजिंग और बिजनेस मॉडल क्या है तो उन्होंने कहा, 'पता है, मेरा हमेशा यह मानना रहा है कि आपको बिजनेस में सिर्फ तभी आना चाहिए जब आप सचमुच उस चीज को लेकर बहुत उत्साहित हैं, और साथ ही आपके पास उस क्षेत्र में देने के लिए कुछ नया होना चाहिए। और मुझे यह यकीन है कि Kay Beauty (के ब्यूटी) के साथ हमने कुछ नया दिया है और इसे लेकर मैं बहुत एक्साइटेड थी। मुझे पता था कि यह छा जाएगा और ब्यूटी लवर्स को पसंद आएगा।'



### दर्द में एक्टर ने कहा था- आंटी मुझे नींद नहीं आ रही

# अमिताभ की आईसीयू में हालत देख रो पड़ी थीं इंदिरा गांधी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का 1980 के दशक में एक एक्सीडेंट हुआ था। फिल्म 'कूली' के सेट पर वह बुरी तरह जख्मी हो गए थे। जिसके बाद वह कई दिन तक आईसीयू में भर्ती थे। पूरा देश उनके ठीक होने की कामना कर रहा था। एक्टर 2 अगस्त, 1982 में वह घर लौटे थे। इसके 7 साल बाद 1989 में उनके ससुर तरुण कुमार भादुड़ी ने एक आर्टिकल में बताया था, कि उनके दामाद के साथ जो दुर्घटना हुई थी, वो 'आसमान से बिजली गिरने जैसी' थी। जया बच्चन के पिता जो कि पत्रकार भी थे, उन्होंने बताया था, 'जब हम बॉम्बे पहुंचे, तो अरोड़ा सहित कई दोस्त थे, जिन्हें हम जानते थे और कुछ ऐसे भी थे जिन्हें हम नहीं जानते थे। लेकिन, उन सभी ने कहा, 'जाति, पंथ और धर्म से परे पूरा देश उसके लिए प्रार्थना कर रहा है। उसे कुछ नहीं होगा। उस रात मैं इस विश्वास के साथ चैन की नींद सोया कि अगर प्रार्थनाओं का कोई मतलब होता, तो अमित बच जाएगा।'



### अमिताभ के एक्सीडेंट पर ससुर का आंखों देखा हाल

हालांकि अमिताभ बच्चन के ससुर नास्तिक थे। ऐसे में वह इस बात से ज्यादा सहमत नहीं थे कि लोगों की दुआओं का असर होगा। एक्टर आईसीयू में एकदम क्रिटिकल कंडीशन में थे। जिन्हें देखने इंदिरा गांधी भी पहुंची थीं। आर्टिकल में वह बताते हैं, 'अगली सुबह, जया मुझे और मेरी पत्नी को ब्रीच कैंडी अस्पताल के आईसीयू में ले गईं। वहां अमित एक बिस्तर पर लेटा हुआ था, जिसके शरीर में कई नलियां लगी हुई थीं, गाल खोखले और रूखे थे, आंखें धंसी हुई थीं। मेरी पत्नी, उसे देखते ही बेहोश हो गई।'

### मुझे भी कभी-कभी नींद नहीं आती

अमिताभ बच्चन ने जया के पिता से फुसफुसाते हुए कहा, 'हैलो बाबा, मैं सो नहीं पा रहा। तो मैंने कहा, चिंता मत करो, नींद आएगी।' यह अच्छी तरह से जानते हुए कि यह बेकार की सांत्वना थी। दो दिन बाद, श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी भी बारी-बारी से आए। श्रीमती गांधी से, अमित ने फिर कहा, 'आंटी, मुझे नींद नहीं आ रही है।' श्रीमती गांधी टूट गईं और रो पड़ीं, 'नहीं, मेरा बेटा। तुम सो जाओगे। मुझे भी कभी-कभी नींद नहीं आती, इसमें कोई बात नहीं?'

### ठीक होने के बाद फैंस को थैंक यू कहा था

अमिताभ बच्चन को कई हफ्तों तक तकलीफ रही और जब उनको अस्पताल से छुट्टी मिली, तो उन्होंने अपने फैंस को धन्यवाद दिया। अमिताभ ने दूरदर्शन को इंटरव्यू में कहा था, 'मैं सबसे ज्यादा आप सभी लोगों का आभारी हूं, जिन्होंने मेरे लिए, मेरे जीवन के लिए प्रार्थना की है। चाहे वह मंदिर हो, मस्जिद हो या चर्च। मैं आपमें से बहुतों को नहीं जानता, फिर भी आपने मेरे लिए प्रार्थना की और मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। अब मैं कम से कम इतना तो कर ही सकता हूं कि आपकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं। मैं कोशिश करूंगा, मैं बहुत कोशिश करूंगा। शुक्रिया।'

### डॉक्टर्स को क्रेडिट न देने पर अमिताभ के ससुर थे नाराज


अमिताभ के ससुर को यकीन था कि उन्हें बचाने के लिए डॉक्टर्स ने ज्यादा मेहनत की थी और उनको ही क्रेडिट नहीं दिया गया था। 'पूरे देश में लोग अमिताभ के ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहे थे। यह कुछ ऐसा था जो पहले कभी नहीं सुना गया था। पूरा देश एक व्यक्ति के लिए प्रार्थना कर रहा था। अमिताभ बच गए। मेरी पत्नी और लाखों अन्य लोगों ने कहा कि यह भगवान की कृपा के कारण हुआ था। मैं इससे सहमत नहीं हूं। मैंने अपनी पत्नी और जया से कहा कि अगर अमित नहीं बचता तो हर कोई डॉक्टरों को दोषी ठहराता। अब जब वह बच गया है, तो उन्होंने डॉक्टरों की तारीफ क्यों नहीं की? उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्हें लगा कि यह भगवान का चमत्कार है।

## 'सिटाडेल-2' की प्रियंका ने शुरू की शूटिंग



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने 'सिटाडेल 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर उन्होंने आधिकारिक एलान किया है। प्राइम वीडियो की स्पाई एक्शन सीरीज का पहला पार्ट काफी चर्चा में रहा। देसी गर्ल अब दूसरा सीजन लेकर दर्शकों के बीच पहुंचेंगी, जिसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह अपडेट साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'इट्स ऑन! 'सिटाडेल 2'। साथ में उन्होंने रूसो ब्रदर्स को टैग किया है। दूसरे सीजन की स्क्रिप्ट की फोटो शेयर की है। बता दें कि प्रियंका की इस सीरीज के क्रिएटर रूसो ब्रदर्स हैं। सीटाडेल 2 में इस बार मुख्य कलाकारों के अलावा कई नए चेहरे भी दिखाई देंगे।

## चियान ने की ऐश्वर्या के नृत्य की तारीफ



**मुंबई।** अभिनेता चियान विक्रम और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने साल 2010 में आई फिल्म रावण में साथ में काम किया था। तेलंगाना अभिनेता अक्सर ऐश्वर्या राय की तारीफ करते नजर आते हैं। एक बार फिर उन्होंने ऐश्वर्या के काम, उनके डांस और साउथ सिनेमा में उनकी छाप को लेकर बात की है। चियान ने कहा, 'यह एक ईमानदार स्वीकारोक्ति है। वह बहुत खूबसूरती से नृत्य करती है। मैं उनके प्रशंसकों में से एक हूं और उनके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है और उन्हें फिर से देखना बहुत अच्छा है। नंदिनी, निश्चित रूप से, एक बहुत ही मजबूत चरित्र है और वह विरोधी नहीं है।' चियान ने कहा कि जब ऐश्वर्या मिस वर्ड के स्टेज पर उतरी थीं तो एक बार लड़खड़ाई थीं। हालांकि बाद में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ फिर से रैंप पर उतरकर शांतिऔर शालीनता से वॉक किया था।

## 'स्त्री-2' ने कमाई में रच दिया इतिहास, 826 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी की फिल्म स्त्री 2 ने इतिहास रच दिया है। स्त्री 2 हिंदी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 ने शाहरुख खान की जवान का लाइफटाइम हिंदी कलेक्शन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। स्त्री ने पांचवें हफ्ते में शुक्रवार को 3.60 करोड़ रुपए, शनिवार को 5.55 करोड़ रुपए, रविवार को 6.85 करोड़ रुपए, सोमवार को 3.17 करोड़ रुपए और मंगलवार को 2.65 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। इस तरह फिल्म ने कुल 586 करोड़ रुपए की कमाई की है। जबकि जवान का हिंदी कलेक्शन 582.31 करोड़ रुपए का था। इस तरह हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 ने कमाई के कई नए रिकॉर्ड कायम कर दिए हैं। दिलचस्प यह है कि फिल्म की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आ रही है। स्त्री 2 के बजट की बात करें तो ये लगभग 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस तरह फिल्म अपने बजट का लगभग 11 गुना कलेक्शन कर चुकी है। यही नहीं, अगर फिल्म के ग्रॉस कलेक्शन की बात करें तो यह 826 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर चुकी है।



## नहीं टलेगी सिंघम अगेन की रिलीज डेट

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' दिवाली पर रिलीज होगी। टीम कुछ भी बदलने के मूड में नहीं है। कार्तिक ने कथित तौर पर रोहित को फोन करके अपनी फिल्म को 15 नवंबर को शिफ्ट करने और क्लेश से बचने के लिए कहा ताकि उनकी दोनों फिल्मों के कलेक्शन पर असर न पड़े। त्यौहार पर फिल्मों का क्लैश काफी चर्चा में है। सिंघम अगेन की रिलीज डेट बदल चुकी है। इस फिल्म की पहले रिलीज डेट 15 अगस्त थी। रिलीज डेट को बढ़ा कर 1 नवंबर कर दिया गया। इस बात की जानकारी खुद अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर दी थी। उन्होंने बताया था कि फिल्म की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है। एक इवेंट के दौरान इस पर उन्होंने कहा, 'मैं सिंघम अगेन की रिलीज डेट के बारे में सुनिश्चित नहीं हूं। फिल्म की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है और हमें अभी भी फिल्म के कुछ हिस्से शूट करने हैं'। यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होगी। अगर हम फिल्म की कास्ट की बात करें तो 'सिंघम अगेन' में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, करीना कपूर, अक्षय कुमार, जैकी श्रॉफ, आशुतोष राणा, टाइगर श्रॉफ, श्वेता तिवारी, दयानंद शेट्टी और अर्जुन कपूर ने अभिनय किया है।



### टीवी मसाला

## 'छठी मैया की बिटिया' शो के लिए हां कहा, और मिली खुशखबरी...

**मुंबई।** देवोलीना भट्टाचार्जी, को सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' में छठी मैया की मुख्य भूमिका के लिए बहुत प्यार और सराहना मिल रही है, देवोलीना ने अपने मां बनने की खुशियों, अपने अनुभवों और उनके जीवन में एक नए मेहमान के साथ आने वाले विशेष क्षणों के बारे में बात की। देवोलीना ने कहा, मैं अपने जीवन के इस नए और खास मोड़ से बहुत खुश हूं और खुद को धन्य महसूस कर रही हूं। एक महिला के लिए यह एक बड़ा बदलाव होता है। मैं एक बच्चे को जन्म देने जा रही हूं, जो मेरे लिए बहुत खास बात है। मैंने सुना है कि गर्भवती महिलाओं को भगवान के मंत्र, गाने, और कहानियां सुननी चाहिए। मैं भी अपने बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य और विकास के लिए ऐसा करती हूं। अब, जब मैं सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' में छठी मैया की भूमिका निभा रही हूं, तो यह मुझे और भी खास लगता है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि यह संयोग है या कुछ जादुई बात है, लेकिन जब मैंने 'सन नियो' के शो 'छठी मैया की बिटिया' के लिए साइन अप किया, तो मुझे पता चला कि मैं गर्भवती हूं। फिर मुझे पता चला की, 'छठी मैया' ही है जो सभी बच्चों को नकारात्मक ऊर्जा से बचाती हैं। वे खासकर गर्भावस्था से लेकर जन्म के छठे दिन तक बच्चों की देखभाल करती हैं, उसके बाद ब्रह्मा देव उनका भाग्य लिखते हैं। इस दौरान छठी मैया बच्चे की सुरक्षा करती हैं।



epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए पूर्ण कालिक 35 वर्ष तक की जिम्मेदारी मुक्त सेवाभावी सेविका चाहिए वेतन आपसी सहमति से/ रहना खाना फ्री उच्च जाति को प्राथमिकता अनुबंध आवश्यक होगा। **मोबाइल 9425518442. केवल 8 से 10 शाम** (RO-6479)

**सेल्सऑफिसर/मैनेजर**

आवश्यकता है- वी वी इंफ्राकॉन जिंदल पैंथर टीएमटी सरिया/ पाइप्स के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को एरिया सेल्स ऑफिसर/ बिजनेस मैनेजर चाहिए। स्थान- जगदलपुर, कांकेर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, रायगढ़। सभी दस्तावेजो सहित साक्षात्कार 23 सितंबर 2024 को क्लार्क इन सूट रायपुर में दोपहर 12 बजे पहुचे। अपना सीवी sales@vvinfracon.com प्रति भेजे। (RO-619)

छोटा विज्ञापन

**नर्सिंग स्टाफ**

आवश्यकता है- सीनियर सीटीजन की देख-रेख हेतु अग्रेसन चौक के पास बजरंग नगर, समता कॉलोनी रायपुर में BSc नर्सिंग या GNM किये हये मेल स्टाफ की जो शिफ्ट वाईज 8 घण्टे कार्य कर सके। **संपर्क करें: 7471145010 ई-मेल -** ydpit426@gmail.com (RO-622)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था सैलरी पांच अंको में। **संपर्क:- यश. एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर 7773009704.** (RO-6488)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर, वीआईपी कॉलोनी में घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, **संपर्क करें - 9425205358.** (RO-17)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**वेटर**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करें। **होटल विनार बार गली नं. -1 जयस्तभ चौक रायपुर मों.- 9713577672.** (RO-6490)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह **संपर्क:- 99267-53341.** (RO-2984)

**सुरक्षागार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड और ऑफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता है लड़के और लड़कियों की:- पोस्ट- 389 (8th से 12th) सैलरी (19500 से 32500) ड्यूटी जिलानुसार All India **संपर्क करें:- 8358085619.** (RO-2995)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**शिक्षु/EDO**

**सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड**
**हम भर्ती कर रहे हैं**

**अप्रेंटिस (शिक्षु)**
वेतन - 12500
आयु - 19-30 साल
अनुभव - 0-1 साल

**EDO**
वेतन - 20000CTC
आयु - 20-32 साल
अनुभव - 1-3 साल

**योग्यता**
पुरूष - 12वीं या स्नातक
महिला - 10वीं या उससे ऊपर

दिनांक : 21 और 22 सितम्बर 2024
समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक

नोट : महिला अभ्यार्थी (Candidate) को स्थानीय पोस्टिंग मिलेगी।

- ग्राउंड फ्लोर, कैपिटल प्लाजा, शॉप नं.40, लालपुर, रायपुर, छ.ग. 492001
- विद्युत नगर, डीपीएस स्कूल के पास, शर्मा ट्रेडर्स के पीछे, तिफरा, बिलासपुर, छ.ग. 495001
- दुर्ग बेमेतरा रोड, धमधा, छ.ग. 491331
- पार्वती मथुरा निवास, कत्था फैक्ट्री के सामने, गोधनपुर, अंबिकापुर, छ.ग. 497001
- मधुबन पारा, सर्किट हाउस, केंद्रीय विद्यालय के पास, चांदमारी, रायगढ़, छ.ग. 496001
- वार्ड नं. 2, ग्राम जेंजरा, हरीश कृष्ण अस्पताल के पास, काटघोरा, छ.ग. 495445
- धमतरी होटल इंपीरियल, गुरूनानक कॉम्प्लेक्स सिहावा चौक, धमतरी, छ.ग. 493773

**Contact No.**
7303749301, 9205599212
9310080243, 8929412904
7303946949

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल जॉब, लड़के- लड़कियों की, आवश्यकता है सैलरी 12500 से 24500 तक, विभिन्न मेडिकल स्टोर, शॉपिंग मॉल, मे सीधी भर्ती, जिलेनुसार, रहना +खाना मेडिकल फ्री **संपर्क करे:- 9936196997.** (RO-2999)

**पैकिंग/बिलिंग कार्य**

आवश्यकता है- 375/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 375 फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर (RO-618)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी RAIPUR) मे बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है। **मो. 7067048454** (RO-6487)

**अन्य**

आवश्यकता है- फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे (SMS /Job) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां कमाये (21,500- 45,500) महीना (लैपटॉप, मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS, QUALIFICATIONS, WhatsApp /Call **करें:- 9372730168.** (RO-2992)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर कम्पनी द्वारा भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती ,(12200) पदों पर, पद - फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी ,10th+12th पास लड़के लड़कियां , सैलरी - (32200 + 69500) आवेदन हेतु अपना आधारकार्ड ,पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, **व्हाट्सएप / कॉल करें - 9434227378.** (RO-457)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:- 9102935834.** (RO-2975)

### Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - गुरु माँ सुमित्रा देवी एक फोन में चमत्कार महाकाली की शक्ति मेरी भक्ति सिर्फ 72 घंटो में लव मैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, माता पिता को मनाना, हर समस्या का घर बैठे समाधान - **9993670089.** (RO-2989)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

### Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.- **9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंन्ट आमंत्रित*** (आरो नं -6381)

### Property प्रापर्टी

**दुकान/मकान**

बेचना है- ग्राम अंडा हाईवे से 20मीटर अंदर 2200 वर्गफीट में 800 वर्गफीट पर बना नवनिर्मित दुकान/मकान । **संपर्क करें:-99071-14630.** (आरो न.-587)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - शंकरनगर दुर्ग में दुर्गा चौक के पास 40×40= 1600 sq.feet का प्लाट बेचना है। कृप्या खरिददार ही **संपर्क करें:- मो नं. 8319323527, 8319098707.** (आरो न.-588)

प्लॉट बेचना है - कुरूद भिलाई में हाउसिंग बोर्ड ढांचा भवन EWS- 593 आकर्षक लोकेशन में 387.35 sf प्लाट बेचना हैं **संपर्क करें:- 9752458982, 9326298682.** (RO-3002)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

Healthcare






## खड़े ट्रक में घुसी बाइक, दो की मौके पर हुई मौत

जगदलपुर। भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा मुख्य मार्ग में बुधवार शाम लगभग 7 बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रक में बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बाइक क्रमांक ओडी 24 के 9429 में सवार तीन युवक भानपुरी से होते हुए ओडिशा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान फरसगुड़ा मुख्य मार्ग के करीब खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 20 के 9909 से बाईक टकरा गई। हादसे में बाइक में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही भानपुरी पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों व घायल को अस्पताल भिजवाकर आवाजाही शुरू करवाया गया।

## सड़क दुर्घटना रोकने मवेशियों पर जियो टैग लगाने का सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सड़क दुर्घटनाओं के मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में बुधवार को एनएचएआई ने मवेशियों पर जियो टैग लगाने का सुझाव दिया। इस पर डिवीजन बेंच ने शपथपत्र पर सभी बातें उल्लेखित कर पेश करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जो गौठान बंद हैं उन्हें भी शुरू करने और मवेशियों को वहां शिफ्ट करने की बात कही गई है। मामले की अगली अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

प्रदेश में खराब ट्रैफिक स्थितियों के कारण हो रही सडक दुर्घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। सड़क पर आवारा मवेशियों के जमा होने से लेकर भारी वाहनों की चपेट में आकर मारे जाने वाले मवेशियों का भी उल्लेख इस याचिका में है। हाईकोर्ट ने इसके लिए एडवोकेट प्रांजल अग्रवाल और रविन्द्र शर्मा को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करते हुए सभी जगह जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करने कहा था। बुधवार को डीबी में हुई सुनवाई में कोर्ट कमिश्नरों ने बताया कि, बिलासपुर और आस - पास कई प्रमुख मार्गों पर निरिक्षण के बाद यह मालूम हुआ कि, सड़कों से मवेशियों को हटाने की कोई खास योजना सरकार के पास नहीं है।

## नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्तार

भिलाई। नशे की दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केन्द्रीय जेल दुर्ग कैंटिन के पास नशे की दवा लेकर ग्राहक की तलाश में खड़ा था।पुलिस ने घेराबंदी कर पचरीपारा वार्ड 28 दुर्ग निवासी हार्दिक भोई, वार्ड 44 कसारीडीह दिलीप साहू को पकड़ा गया।

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

cProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

**सिस्टम निविदा क्रमांक 158567/ निविदा सूचना क्रमांक 05 / वलेलि / 2024-25, गरियाबंद, दिनांक 16.09.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07.10.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर की सरगी नाला में ग्राम कसेरूडीह के निकट एनीकट का निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत** - रूपये 358.39 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.09.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं ।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, गरियाबंद**
**कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242502563/1

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED

(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**TENDER NOTICE NO.-2982/24**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

| S. No. | Tender Specification No. | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | No.16-06/ DSPM TPS /ACE/S&P /Safety/ T-3063/24 | 8100039271 | Work contract for 'Annual Maintenance Contract (AMC) of Fire alarm system installed at Unit no. 1 &2' of DSPM TPS Korba East for 01 years | As per Tender Schedule | 08.10.2024 15:30 Hrs. | 14,296/- | 590/- (including GST@ 18%] |

•For more details, Tender schedule, Scope of work/supply, QR & Tender Documents, visit our website:**https://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal OR https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

**Electricity saved is electricity generated**

**SUPERINTENDING ENGINEER (Contract)**
**DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक /प्र.अ./T/4943125/2024-25 अटल नगर दिनांक 13/09/2024

**द्वितीय भाव पत्र आमंत्रण सूचना**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, सेक्टर-19 नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, के लिए वर्ष 2024-25 में कार्यालय लेखन स्टेशनरी सामग्री प्रदाय करने की दर दिनांक 25.09.2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से द्वितीय भाव पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

कार्यों की जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, सेक्टर-19 नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिनांक 23.09.2024 तक प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधीक्षण अभियंता**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,**
**नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर (छ.ग.)**

G-242502572/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 144/158411 | 1) INTERIOR REPAIR AND BEAUTIFICATION WORK AT MAHANADI (GOVERNER HOUSE) RAJBHAWN RAIPUR. 2) PROVIDING AND FIXING FURNITURE AND CURTAINS AT VIP BANGLOW UNDER NIRMAN SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (C.G.) | रू. 49.94 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.10.2024 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो. नि. वि. रायपुर मंडल क्र.-1**
**रायपुर (छ.ग.)**

G- 242502569/2

## जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत मोहपुर निवासी नाथ राम नेताम ने जहर खा लिया था, जिसे अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती किया गया था। ईलाज के दौरान उसकी 17 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के स्टाप ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिसके कारण उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक द्वारा जहर सेवन करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है।

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2524221 Fax No. 0771-2574222

No. 02-05/line/O.S./Tender-39/1224 Raipur, Date: 18/09/2024

**E-NOTICE INVITING TENDER**

| Sl No | Tender Sp. No. | Particulars | Qty | E.M.D | Tentative Cost |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Tender-39 (Rfx 8100039235)** Deployment of 10 No. Unskilled manpower through outsourcing under EE (EHT:Constn) Dn., CSPTCL, Bhilai for a period of 01 year | Unskilled Manpower | 10 Nos | Rs. 21,155/- | Rs.21.15 Lakh |
| Last Date & Time of Sale of Tender | | | | 07/10/2024 | 17:30 Hours |
| Last Date & Time of Submission of Tender | | | | 08/10/2024 | 15:00 Hours |
| Date & Time of Opening of Tender | | | | 08/10/2024 | 15:30 Hours |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl_tendernotices/CSPTCL_Tender.htm.

**SAVE ELECTRICITY**

**EXECUTIVE DIRECTOR (Line)**
**CSPTCL, RAIPUR**

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

**The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:**

**1. NIT No: 33/ARS/EEC-III/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Approach Road to Connect MLA, IAS, SAS, MKS & EWS Colony at Serikhedi and Other Allied Infrastructure work at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 15 Months | 28.77 Crs | 29.77 Lakhs |

**2. NIT No: 34/ID:28,33&OS/EEC-III/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Infrastructure Development of Sector-28, Sector-33 and Other Sectors at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 15 Months | 27.45 Crs | 28.45 Lakhs |

**3. NIT No: 35/Road:ATC-IT/EEC-III/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Construction of Connecting Road from Airport ATC Tower to IT Road and Wireless Monitoring Organization to Main Road, at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 06 Months | 3.00 Crs | 4.00 Lakhs |

**4. NIT No: 36/KR/EEC-III/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Construction of Approach Road from NH-30 to Village Kendri, at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 06 Months | 2.00 Crs | 3.00 Lakhs |

**5. NIT No: 37/Road-Maintenance/EEC-III/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Strengthening Work of City Level Road at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 12 Months | 18.15 Crs | 19.15 Lakhs |

**6. NIT No: 38/Upgradation Dome/EE(E)/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 18.09.2024**
**Name of Work:** "Upgradation, Operation & Maintenance of Software & Hardware in the existing Immersive 5D Dome Cinema Located in the Central Park at Sector-20, Kayabandha, Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur (C.G.)" (1st Call)

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 02 Months for physical completion + 12 months for O&M | 20.35 Crs | 40,700/- |

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 09.10.2024**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

**Engineer in Chief**
**NRANVP**

S-41468/3

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर ( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 158356 प्रथम आमंत्रण 09.09.2024 | ककनार ( पालम ) से धर्माबेड़ा मार्ग कुल लंबाई 12.65 कि. मी. मार्ग का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 1210.25 |
| 2 | 158358 प्रथम आमंत्रण 09.09.2024 | जिला सुकमा के ग्राम झापरा से पुसपल्ली मार्ग कि.मी. 1/2 से 11/8 कुल लंबाई 10.80 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित । | 794.86 |
| 3 | 158447 प्रथम आमंत्रण 10.09.2024 | जिला सूरजपुर के प्रतापपुर में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य । | 700.44 |
| 4 | 158533 प्रथम आमंत्रण 12.09.2024 | जिला रायपुर के उरला (सिलतरा ) में नवीन अग्निशमन केन्द्र भवन का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित । | 205.57 |
| 5 | 158550 प्रथम आमंत्रण 12.09.2024 | तुलसाघाट से लपटी रपटा तक मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 240.27 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 03 दिनांक 26.09.2024, सं.क्र. 04 दिनांक 03.10.2024 सं.क्र. 05 दिनांक 04.10.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 30.09.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-242502576/5

## विवाहिता ने लगाई फांसी, पति से रात को हुआ था विवाद

**भिलाई।** विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि आर्य नगर पुरानी बस्ती निवासी रौशनी मिश्रा 30 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रौशन की 17 माह की एक बेटी भी है। पति प्रशांत मिश्रा निजी फायनेंस कंपनी में कार्यरत है। परिजनों ने बताया कि घटना की रात प्रशांत अपने काम से रात 3 बजे घर पहुचा था। इस दौरान रौशनी और प्रशांत के बीच विवाद हुआ था। मृतका जहां रहती थी वह दो मंजिला मकान है। विवाद के बाद पति प्रशांत नीचे चला गया फिर रौशनी ने उसे अपने कमरे में सोने जाने की बात कहकर निकल गई। प्रशांत जब वापस कमरे में पहुचा तो रौशनी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना पति ने उसके मायको वालो को सुबह फोन पर जानकारी दी। स्मृति नगर प्रभारी विनिता पानीकर ने बताया कि सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची और शव का पंचानाम कर पीएम के लिए भेज दिया गया। मामले में एक सुसायडल नोट मिला था जो मोबाइल के स्टेस में लगा हुआ था। उसमें लिखा था अपनी इच्छा से कर रहीं हूं इसमें परिवार वालों का कुछ नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई- निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/CHAIBASA/03/2024-25 (3rd Call)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चाईबासा जिला के सोनुवा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम शशिकला एवं बाराबीर के बीच संजय नदी पर पुल निर्माण। | 45160000.00 | 904000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 21.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709623131 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति / दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 335873 West Singhbhum (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर

(e-mail address - eercdjamshed-jhr@nic.in, Phone No.-0657-2227724)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **Short e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/1582 Date-13.09.2024** एवं पूर्व का पी0आर0 संख्या 335693 Road (24-25)D, Dt. 13.09.2024 को निम्नवत् संशोधित किया जाता है :

**पूर्व में प्रकाशित** — Very Short e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/1537 Date- 09.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP WORK OF DHALBHUMGARH RAUTARA ROAD (LENGTH -11.175KM) FOR THE YEAR 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost of Work (in INR) | Rs 6,71,25,297.47 (Rupees Six Crore Seventy One Lakh Twenty Five Thousand Two Hundred Ninety Seven and Paise Forty Seven Only) |
| 3. | Initial Bid Security ( Rs In Lacs ) | Rs 6.72 Lakh (Rupees Six Lakh Seventy two only). |
| 4. | Initial Bid Security in the shape of | Initial Bid Security - As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 5. | Cost of Bidding documents | Rs 10,000.00 (Rs Ten Thousand) only. |
| 6. | Time of Completion | 04 (Four) Month |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 10.09.2024 at 12.30 P.M. |
| 8. | Start date of bidding | 10.09.2024 from 12.30 P.M. |
| 9. | Last date & Time for online bidding | 24.09.2024 up to 02.00 PM. |
| 10. | Type of Bid | Two envelope mode (Technical and Financial Bid) |
| 11. | Last date & time for receipt of Bid Security and other documents in Online form | 24.09.2024 Through e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 12. | Date & time for opening of Technical Bid | 25.09.2024 at 3.00 PM by e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi |
| 13. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamshedpur, Road No.- 1, CH Area. |
| 14. | Contact no. of Procurement officer | 0657-2227724 |
| 15. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**संशोधित** — Short e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/1582 Date- 13.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP WORK OF SURDA CROSSING TO NH-33 ROAD (LENGTH -6.00KM) FOR THE YEAR 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost of Work (in INR) | Rs 4,07,63,783.00 (Rupees Four Crore Seven Lakh Sixty three Thousand Seven Hundred Eighty three Only) |
| 3. | Initial Bid Security ( Rs In Lacs ) | Rs 4.72 Lakh (Rupees Four Lakh Seventy two only). |
| 4. | Initial Bid Security in the shape of | Initial Bid Security - As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 5. | Cost of Bidding documents | Rs 10,000.00 (Rs Ten Thousand) only. |
| 6. | Time of Completion | 04 (Four) Month |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 14.09.2024 at 12.30 P.M. |
| 8. | Start date of bidding | 14.09.2024 from 12.30 P.M. |
| 9. | Last date & Time for online bidding | 27.09.2024 up to 02.00 PM. |
| 10. | Type of Bid | Two envelope mode (Technical and Financial Bid) |
| 11. | Last date & time for receipt of Bid Security and other documents in Online form | 27.09.2024 Through e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 12. | Date & time for opening of Technical Bid | 30.09.2024 at 3.00 PM by e-Procurement cell, Office of The Chief Engineer (Comm), RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No. 2, Near Dhurwa Golchakkar, Ranchi |
| 13. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamshedpur, Road No.- 1, CH Area. |
| 14. | Contact no. of Procurement officer | 0657-2227724 |
| 15. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

शेष सूचनायें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR 335903 Road(24-25)#D

## राइस मिल में घुसा दंतैल हाथी मित्र दल ने खदेड़ा

**महासमुंद।** गरियाबंद जिले से एक दंतैल ने एक बार फिर महासमुंद वन परिक्षेत्र के ग्राम कोना में प्रवेश कर गया। बीती रात उसके एक राईस मिल में घुसने पर हाथी को मिल से हाथी मित्र दल द्वारा खदेड़ा गया। हाथी महासमुंद- बागबाहरा हाईवे पार कर गौरखेड़ा जंगल के कक्ष क्रमांक 64 में विचरण कर रहा है। हाथी के आमद के बाद से ही वन विभाग ने में करीब दर्जनभर गांवों को अलर्ट की कर जंगल में न जाने की अपील की है।

बता दें कि करीब तीन साल पूर्व हाथियों के बड़े दल से ने ब्लॉक लंबे समय तक प्रेशान रहा। खासकर, सिरपुर का क्षेत्र काफी प्रभावित रहा। जिले में अब तक हाथियों के कुचलने से दर्जनों मौत हो चुकी है तथा लाखों का नुकसान हो चुका है। महासमुंद वन परिक्षेत्राधिकारी सियाराम कर्मकार ने बताया कि ए-3 दंतैल सोमवार को ही हमारे वन परिक्षेत्र में आया है, जो वर्तमान में गौरखेड़ा के जंगलों में विचरण कर रहा है।

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/NNS/2024-25/Tr No.-2476 -2482/2924 Raipur Dt-30-08-2024

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2.The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal.3.Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project office contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender.**4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no 2476 RFx-8100038985 | External electrification of Village -**TEKALGUDA** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma.under MMMTVY (051) scheme under **NIYAD NELLANAR YOJNA.** | 40,49,993.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 2 | Tr.no 2477 RFx-8100038986 | External electrification of Village - **SURPANGUDA** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma. MMMTVY (051) scheme under **NIYAD NELLANAR YOJNA.** | 1,31,60,304.00 | Class I,II,III | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 3 | Tr.no 2478 RFx-8100038987 | External electrification of Village -**PEDABODKEL** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma.. MMMTVY (051) scheme under **NIYAD NELLANAR YOJNA.** | 29,32,681.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 4 | Tr.no 2479 RFx-8100038988 | External electrification of Vill. - **CHOTEGANGULAV** Block - Konta Distt. - Sukma Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma. MMMTVY (051) under **NIYAD NELLANAR YOJNA.** | 40,15,213.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 5 | Tr.no 2480 RFx-8100038989 | External electrification of Village - **FULANPAD** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma. MMMTVY (051) scheme. under **NIYAD NELLANAR YOJNA..** | 59,60,376.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 6 | Tr.no 2481 RFx-8100038990 | External electrification of Village - **MOREPALLI** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma. MMMTVY (051) scheme. under **NIYAD NELLANAR YOJNA..** | 93,43,781.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |
| 7 | Tr.no 2482 RFx-8100038991 | External electrification of Village - **TIMAPURAM** Under - Dornapal D/c of (O&M) Dn. Sukma. MMMTVY (051) scheme. under **NIYAD NELLANAR** | 41.74.372.00 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 25.09.2024 |

**SAVE ELECTRICITY**

**CHIEF ENGINEER(PROJECT)**
**CSPDCL:RAIPUR**

## खबर संक्षेप

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर किया गया शून्य



**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के लिए अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शून्य प्रति टन कर दिया है। कर की नयी दर 18 सितंबर यानी आज से प्रभावी हो गईं। कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में लगाया जाता है। दो सप्ताह में औसत तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इसे अधिसूचित किया जाता है।

### जापान का व्यापार घाटा बढ़ा आयात पूर्वानुमान से कम



**टोक्यो।** जापान में अगस्त में लगातार दूसरे महीने व्यापार घाटा बढ़ा है। मंत्रालय ने कहा, जापान का व्यापार घाटा कुल 695 अरब येन (4.9 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा, जो एक वर्ष पूर्व की तुलना में 26 प्रतिशत कम है। निर्यात कुल 8400 अरब येन (59 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष के इसी महीने से 5.6 प्रतिशत अधिक है।

### ऑनलाइन विज्ञापन विवाद गूगल के पक्ष में फैसला




**लंदन।** गूगल ने यूरोपीय संघ के 1.49 अरब यूरो के प्रतिस्पर्धा कानून के जुर्माने के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीत ली है। मामला पांच साल पुराना है जो उसके ऑनलाइन विज्ञापन व्यवसाय से जुड़ा है। यूरोपीय संघ ने गूगल पर 'एंटी ट्रस्ट लॉ' के उल्लंघन का आरोप लगाया था। यूरोपीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा लगाए गए 2019 के जुर्माने को रद्द कर रहा है।

# कर्ज के दबाव से किचनवेयर बनाने वाली कंपनी टपरवेयर हुई दिवालिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टपरवेयर को किचनवेयर आइटम बनाने के लिए जाना जाता है। कंपनी के लंच बॉक्स, पानी की बोतल और दूसरे आइटम काफी इस्तेमाल किए जाते हैं। साथ ही किचन का सामान रखने के लिए कंपनी के एयरटाइट प्लास्टिक कंटेनर लगभग हर घर में मिलते रहे हैं। लेकिन अब कंपनी प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गई है। कंपनी पर 70 करोड़ डॉलर (करीब 5860 करोड़ रुपए) का कर्ज हो गया है। बिक्री में गिरावट और कर्ज चुकाने में नाकाम रहने पर इस कंपनी ने अपनी कुछ सहायक कंपनियों के साथ अमेरिका में दिवालियापन के लिए आवेदन किया है।

- टपरवेयर पर 5860 करोड़ रुपए का कर्ज हो गया

## कंपनी लंच बाक्स, पानी की बोतल आदि आयटम बनाती है

### कच्चे माल की लागत ने बढ़ाई परेशानी

कोरोना के बाद प्लास्टिक रेजिन जैसे कई जरूरी कच्चे माल की लागत में उछाल आ गया था। साथ ही कंपनी में काम करने वाले लोगों की मजदूरी भी बढ़ गई थी। इसके अलावा माल ढुलाई की लागत में भी वृद्धि हुई। इन चीजों के कंपनी के मार्जिन को काफी कम कर दिया और कंपनी को नुकसान होता चला गया। अगस्त में कंपनी ने कहा था कि उसे नकदी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कंपनी ने अपने निवेशकों को भी इसकी जानकारी दी थी कि कंपनी पर भारी कर्ज है।




### अमेरिकी कोर्ट में किया आवेदन

कंपनी ने अमेरिकी कोर्ट में दिवालियान के लिए आवेदन किया है। कंपनी ने पिछले साल ही इसके संकेत दे दिए थे कि वह फंड नहीं जुटा पाई तो दिवालिया हो सकती है। कंपनी पर 70 करोड़ डॉलर (करीब 5860 करोड़ रुपए) का कर्ज है। रिपोर्ट के मुताबिक दिवालियापन की तैयारी कर्जदाताओं के साथ लंबी बातचीत के बाद शुरू हुई।

### बिक्री पर पड़ा बुरा असर

टपरवेयर अमेरिका की कंपनी है। इसकी शुरुआत 1946 में हुई थी। किचन में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के रंग-बिरंगे बर्तनों लिए टपरवेयर एक लोकप्रिय ब्रांड रहा है। भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इसके प्रोडक्ट मिलते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस कंपनी को बाजार में उपभोक्ताओं के बीच अपनी लोकप्रियता बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### वित्तीय स्थिति काफी खराब

प्रोडक्ट की बिक्री में आई कमी के कारण कंपनी को अब काफी घाटा हो रहा है। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ लॉरी एन गोल्डमैन ने कहा कि पिछले कई वर्षों में कंपनी की वित्तीय स्थिति काफी खराब रही है। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति पर बुरा असर पड़ा है।

## चेयरमैन शेट्टी ने कहा, फेड ब्याज दर घटा सकता है

# आरबीआई की इस साल नीतिगत दर में कटौती की संभावना नहीं : एसबीआई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर अनिश्चितता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल प्रमुख नीतिगत दर में संभवतः कटौती नहीं करेगा।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में संभवतः ब्याज दर घटा सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह चार साल से अधिक समय में पहली बार होगा जब वह नीतिगत दर में कटौती करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी इसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित होंगे।

### कटौती के लिए चौथी तिमाही का करना होगा इंतजार

शेट्टी ने कहा, ''यही हमारा विचार है। हमारा यह भी मानना है कि इस साल नीतिगत दर में संभवतः कटौती नहीं होगी। जबतक खाद्य मुद्रास्फीति नीचे नहीं आती, तबतक नीतिगत दर में कटौती मुश्किल है और इसके लिए शायद हमें चौथी (जनवरी-मार्च 2025) तिमाही के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।'



- फेड की कटौती संभवतः चार साल में पहली बार होगी
- अन्य देशों के बैंक भी इसका अनुसरण कर सकते हैं
- खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर अनिश्चितता से कटौती नहीं होगी

### हाल ही में शेट्टी ने संभाली है कमान

हाल ही में एसबीआई की कमान संभालने वाले शेट्टी ने बातचीत में कहा, ''कई केंद्रीय बैंक नीतिगत दर के मोर्चे पर स्वतंत्र निर्णय ले रहे हैं। हालांकि, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती का असर सभी पर पड़ेगा, लेकिन आरबीआई ब्याज दर में कटौती पर निर्णय लेने से पहले खाद्य मुद्रास्फीति को ध्यान में रखेगा।

### बैंक की हिस्सेदारी मामूली घटी

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. में 489.67 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी डाली थी। कंपनी ने कर्मचारियों को कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईसाप) के तहत शेयर भी आवंटित किया है। इसके परिणामस्वरूप बैंक की हिस्सेदारी 69.95 प्रतिशत से मामूली घटकर 69.11 प्रतिशत हो गई है।

***एमपीसी की बैठक 7 से 9 अक्टूबर को होगी :*** *आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सात से नौ अक्टूबर को होने वाली अपनी बैठक में नीतिगत दर पर निर्णय करेगी। एमपीसी मौद्रिक नीति पर गौर करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर ध्यान दे रही है।*

***लगातार नौवीं बार नहीं बदला गया रेपो दर :*** *यह लगातार नौवीं बार था, जब रेपो दर में बदलाव नहीं किया गया। रिजर्व बैंक फरवरी 2023 से मानक रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। शेट्टी ने कहा कि फिलहाल किसी भी सहायक कंपनी में हिस्सेदारी के विनिवेश के बारे में कोई विचार नहीं किया गया है।*

### पूंजी की आवश्यकता पर ध्यान देगी बैंक

शेट्टी ने कहा, ''अगर इन सहायक कंपनियों को (विकास) पूंजी की आवश्यकता है, तो हम निश्चित रूप से गौर करेंगे। शेट्टी ने कहा कि इस समय किसी भी बड़ी अनुषंगी कंपनी को अपने परिचालन को बढ़ाने के लिए मूल कंपनी से पूंजी की आवश्यकता नहीं है।

### मुद्रास्फीति का औसत लक्ष्य चार फीसदी से नीचे

हालांकि, मुद्रास्फीति आरबीआई के औसत लक्ष्य चार प्रतिशत से नीचे है, लेकिन खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने उच्च खाद्य मुद्रास्फीति के जोखिम को देखते हुए अगस्त की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।

# आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण नौ लाख करोड़ के पार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक के शेयर के बुधवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बैंक का बाजार मूल्यांकन नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। बीएसई पर निजी क्षेत्र के बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत चढ़कर 1,288.05 रुपये पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान एक समय यह दो प्रतिशत तक चढ़कर 1,295 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। वहीं एनएसई में कंपनी का शेयर 1.38 प्रतिशत बढ़कर 1,285.60 रुपये पर पहुंच गए। कारोबार के दौरान एक समय बैंक का शेयर 2.14 प्रतिशत चढ़कर 1,295.35 रुपये के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के बीच, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 14,921.32 करोड़ रुपये बढ़कर 9,07,391.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी बाजार पूंजीकरण के लिहाज से पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 19,79,846.83 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी है। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (15,72,637.92 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (12,92,151.87 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (9,40,851.44 करोड़ रुपये) और आईसीआईसीआई बैंक (9,07,391.45 करोड़ रुपये) का स्थान है।




- बैंक के शेयर में 1.55 फीसदी का उछाल
- बाजार पूंजीकरण के लिहाज से पांचवी बड़ी कंपनी

### शेयर में इस साल अब तक 29 फीसदी का उछाल

आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में इस साल अबतक 29.26 प्रतिशत उछाल आ चुका है जबकि पिछले एक महीने में यह 8.47 प्रतिशत उछला है।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया

एजेंसी ▸▸| मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 131 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। निवेशकों ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले मुनाफावसूली को तरजीह दी। कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक... सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे। हालांकि, दोपहर कारोबार में निवेशकों के उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से इसमें गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 131.43 अंक टूटकर 82,948.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.72 अंक चढ़कर नये शिखर 83,326.38 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 41 अंक गिरावट के साथ 25,377.55 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा उप-प्रमुख देवर्श वकील ने कहा, ''निफ्टी पूर्वाह्न कारोबार के दौरान एक समय नई ऊंचाई 25,482 अंक पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के कारोबार में इसका लाभ जाता रहा और यह 41 अंक की गिरावट के साथ 25,377 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार चौथे सत्र में दिशा प्राप्त करने में विफल रहा और सीमित दायरे में रहा।'' वकील ने कहा, ''अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की दो दिवसीय बैठक आज संपन्न होगी। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की अगुवाई वाली एफओएमसी नीतिगत दर में संभवतः एक चौथाई प्रतिशत की कटौती कर सकती है। जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे।

- सेंसेक्स 131 और निफ्टी 41 अंक टूटा
- आईटी शेयरों में आई मुनाफावसूली

# हिंदुस्तान जिंक के विभाजन पर नए सिरे से बातचीत जारी: सीईओ

एजेंसी ▸▸| उदयपुर (राजस्थान)




वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने कंपनी को पहले प्रस्तावित तीन भागों के बजाय दो खंडों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर सरकार के साथ नए सिरे से चर्चा की है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि अलग इकाई बनाने की कंपनी की पुनर्गठन योजना को रोक दिया गया था, क्योंकि सरकार ने बोली का विरोध किया था। सरकार के पास खनन क्षेत्र की कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मिश्रा ने साक्षात्कार में कहा कि हिंदुस्तान जिंक के विभाजन के संबंध में सरकार के साथ चर्चा बहुत अच्छी रही। सीईओ ने कहा, '' तो अब वे (सरकार) इसपर (चर्चा पर) वापस आएंगे। हां, हमने फिर से चर्चा की है...अब तीन खंड की बजाय दो खंड होंगे। खान मंत्रालय ने पहले कंपनी को पत्र लिखकर बताया था कि कारोबारी परिचालन के किसी भी पुनर्गठन के लिए मंत्रालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

# पश्चिम एशिया में भारत के रत्न-आभूषणों के लिए काफी अवसर

एजेंसी ▸▸| दुबई



रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में भारतीय आभूषण निर्यातकों के लिए उभरते अवसर दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि सऊदी अरब और कुवैत जैसे देशों में जड़े हुए सोने के आभूषणों की मांग बढ़ रही है।

एक सकारात्मक रुझान का पता चला है, जो भारत के रत्न और आभूषणों के पारंपरिक गढ़ जैसे अमेरिका और चीन के इतर क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है। यहां जारी बयान में जीजेईपीसी ने कहा कि पश्चिम एशिया में उभरते हुए अवसर हैं, सऊदी अरब (26.05 प्रतिशत से अधिक) और कुवैत (87.99 प्रतिशत से अधिक) जैसे देशों में जड़े हुए सोने के आभूषणों की मांग बढ़ रही है। इसमें कहा गया, ''सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और मलेशिया, विशेष रूप से, हाल के दिनों में तीन इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) कार्यक्रमों - प्रीमियर, सिग्नेचर और तृतीया - में भाग लेने वाले इन देशों के खरीदारों की बढ़ती संख्या के कारण निर्यात में वृद्धि देखी गई है। बयान में कहा गया, ''भारतीय आभूषणों के उत्पाद इन बाजारों की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त है, जो निर्यात में वृद्धि में योगदान देता है।

### मांग पूरी करने में भारत की भूमिका

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बयान में कहा, ''जैसे-जैसे हम नए क्षेत्रों में कदम रख रहे हैं, जड़े हुए आभूषणों के उत्पादन की श्रम-गहन प्रकृति ने समझदार वैश्विक ग्राहकों की परिष्कृत मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है 94060-21769
असली केंदवा® मलहम HMS देखकर खरीदें दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

## बिजनेस साइट

### एनजीईएल और आरवीयूएनएल के बीच संयुक्त उपक्रम समझौता



**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त उपक्रम समझौता किया है। यह समझौता 17 सितंबर को जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौता पत्र का आदान-प्रदान राजीव गुप्ता और देवेंद्र श्रृंगी के बीच हुआ। यह संयुक्त उपक्रम 25 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं और 1 एमएमटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन/डेरिवेटिव्स के विकास पर केंद्रित होगा।

### एक्सिस बैंक ने पीएफआरडीए के साथ शुरू की 'एनपीएस वात्सल्य योजना'

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) वात्सल्य शुरू करने के लिए पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के साथ हाथ मिलाया है, यह 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने पर केंद्रित योजना है। वित्त मंत्री - निर्मला सीतारमण ने 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषणा की थी, यह पहल अपने बच्चों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने में परिवारों को सशक्त बनाएगा। दिल्ली में आयोजित लांच कार्यक्रम में, सीतारमण ने हैदराबाद की सुश्री लांबा कर्णम आदित्री को एक प्रतीकात्मक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या प्रदान की, जिन्हें एक्सिस बैंक द्वारा चुना गया था।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट | सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania11@yahoo.co.in | Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर | मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल | डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) | सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) | फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण | पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध) | श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी | अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 | लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ | प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553 नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक | सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * | बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) | आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। | डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक | Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी | डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ | गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) | स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# केन ने चार गोल करके तोड़ा रूनी का रिकॉर्ड, बायर्न ने ज़ाग्रेब को 9-2 से रौंदा

चैंपियंस लीग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

म्यूनिख। हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की डिनामो ज़ाग्रेब पर धमाकेदार जीत में चार गोल किए जिससे वह वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। केन के शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने डिनामो ज़ाग्रेब को 9-2 से करारी शिकस्त दी। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के किसी एक मैच में इतने अधिक गोल दागे गए। इससे बायर्न के नए कोच विंसेंट कोम्पनी ने यूरोपीय प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत भी की। बोरुसिया डॉर्टमुंड की 2016 में लेगिया वारसॉ पर 8-4 की जीत के बाद यह चैंपियंस लीग में सर्वाधिक गोल वाला मैच था।



## दागा 33वां गोल

केन ने 19वें, 53वें, 73वें और 78वें मिनट में गोल करके प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या को 33 तक पहुंचा दिया जो इंग्लैंड के किसी खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने रूनी के 30 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। केन ने तीन गोल पेनल्टी पर किए।

'ईमानदारी से कहूं तो दूसरी पेनल्टी के बाद मुझे पता नहीं था की तीसरी पेनल्टी पर क्या करना है लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इस पर भी गोल करने में सफल रहा।'

- हैरी केन

## रियल मैड्रिड की जीत में चमके एमबाप्पे

मैड्रिड। स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने रियल मैड्रिड की तरफ से चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में नए सफर की शुरुआत करते हुए शानदार गोल दागा जिससे उनकी टीम स्टटगार्ट को 3-1 से हराने में सफल रही। सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में खेले गए मैच के दूसरे हाफ के शुरू में ही एमबाप्पे को रॉड्रिगो के क्रॉस पर खुला नेट मिला और उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की।



## 49वें गोल से शीर्ष 10 में शामिल

एमबाप्पे के गोल ने गत चैंपियन मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्टटगार्ट ने 68वें मिनट में डेनिस उनडाव के गोल से बराबरी कर ली। एंटोनियो रुडिगर ने 83वें में मैड्रिड को फिर से आगे कर दिया और स्थानापन्न एंड्रिक ने इंजरी टाइम में गोल करके मौजूदा चैंपियन की जीत सुनिश्चित की। यह एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का 49वां गोल था, जिससे वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

एमबाप्पे ने मैच के बाद कहा, 'यह कड़ा मैच था जैसा कि चैंपियंस लीग में होता है लेकिन घरेलू मैदान में जीत के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था।'

- काइलियन एमबाप्पे

## खबर संक्षेप



### किसी भी आक्रमण का सामना करने में सक्षम

**चेन्नई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय बल्लेबाजों के अच्छे स्पिन आक्रमण के सामने हाल के संघर्ष को दरकिनार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि उनके बल्लेबाज दुनिया के किसी भी तरह के आक्रमण का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारी बल्लेबाजी इकाई में इतनी गुणवत्ता है कि वह किसी भी तरह के आक्रमण का सामना कर सकती है। टेस्ट और वनडे में काफी अंतर होता है।

### पाक खिलाड़ियों को मिलेंगे 28 हजार रुपए

**लाहौर।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कांस्य पदक जीतने वाली पाकिस्तान हॉकी टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों को इनामी राशि के रूप में 100 अमेरिकी डॉलर (लगभग 28,000 पाकिस्तानी रुपए) मिलेंगे। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने बुधवार को यह घोषणा की जिसमें पीएचएफ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती द्वारा स्वीकृत विशेष नकद पुरस्कार की पुष्टि की गई। मेजबान चीन से सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पाकिस्तान ने कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-2 से पराजित कर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।



### परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा : शंटो

**चेन्नई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो नहीं चाहते हैं कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत के खुमार में डूबी रहे। वह चाहते हैं कि इसके बजाय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत की मजबूत टीम का सामना करने पर ध्यान दे। शंटो ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमने पाकिस्तान में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली जिससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा है लेकिन अब वह अतीत की बात है। हम परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे हैं और केवल प्रक्रिया का अनुसरण करने की कोशिश कर रहे हैं।'



### एकजुटता से भारतीय टीम बनी चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आपसी एकजुटता और एक दूसरे का साथ देने की अदम्य इच्छा से भारत को रिकॉर्ड पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। भारत ने मंगलवार को हुलुनबिर में फाइनल में जुगराज सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से चीन को 1-0 से हराया। हरमनप्रीत ने कहा, 'फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था। चीन की टीम ने पूरे मैच के दौरान हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश की जिससे गोल करने के लिए मौका बनाना आसान नहीं था।'



क्रिकेट : बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला आज सुबह 9.30 बजे से


# स्पिन गेंद बनी चुनौती, टेस्ट में भारत ने 10 साल में 40 मैच जीते और 4 हारे

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत की नजरें गुरुवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला जीतकर घरेलू सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होगी।भारत के बल्लेबाजों को हालांकि स्पिन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बांग्लादेश की चुनौती भी मजबूत होगी जो हाल में पाकिस्तान को दो टेस्ट की श्रृंखला में 2-0 से हराकर यहां आया है।

भारत 10 टेस्ट के सत्र की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा जिससे कि डब्लूटीसी फाइनल का दावा मजबूत कर सके। पिछले दशक में घरेलू सरजमीं पर भारत की जीत-हार का रिकॉर्ड 40-4 रहा है जो बेजोड़ है लेकिन पिछले तीन साल में कुछ कमजोरियां उजागर हुई हैं, विशेषकर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के मामले में। स्वदेश में 2015 से भारत के शानदार प्रदर्शन में कोहली की अहम भूमिका रही है और उन्होंने सभी गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे हैं। लेकिन 2021 से स्पिन के खिलाफ उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। इस दौरान 15 टेस्ट में उनका औसत 30 का रहा है।





### पंत 632 दिन बाद वापसी के लिए तैयार

*स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान उन्होंने अपने पुराने खेल की झलक पेश की। भयावह कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर शीर्ष स्तर पर वापसी करना साधारण बात नहीं है। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। पंत अब इसी टीम के खिलाफ गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में वापसी करने को तैयार हैं।*

### रोहित के प्रदर्शन में गिरावट


कप्तान रोहित शर्मा स्पिन को ध्वस्त करने में सफल रहे हैं, विशेषकर 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद से। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ 90 से ज़्यादा की औसत से रन बनाए हैं। लेकिन 2021 से स्पिनरों के खिलाफ उनके प्रदर्शन में भी गिरावट आई है और वह 15 मैच में 44 की औसत से रन बना पाए हैं। पिछले तीन साल में लोकेश राहुल ने स्वदेश में पांच टेस्ट खेले और स्पिनरों के खिलाफ दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का औसत सिर्फ 23.40 रहा है। ऋषभ पंत (पांच मैच में 70 की औसत से रन), शुभमन गिल (10 मैच में 56 की औसत से रन) और यशस्वी जायसवाल (पांच मैच में 115 की औसत से रन) ने स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है।

### दीप या दयाल में से होगा चयन

गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का एकादश में जगह बनाना लगभग तय है और किसी भी तरह की परिस्थितियों में यह एक मजबूत गेंदबाजी इकाई है। भारत को हालांकि यह फैसला करना होगा कि एमए चिदंबरम स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर आकाश दीप या यश दयाल में से किसी एक को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में खिलाए या फिर घरेलू टेस्ट में तीन स्पिनरों के साथ उतरने की प्रवृत्ति को बरकरार रखते हुए कुलदीप यादव को मौका दे।

चीन ओपन

# मालविका ने पेरिस ओलंपिक पदक विजेता तुनजुंग को रौंदा



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम में तीन गेम प्वाइंट बचाए और इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग को 46 मिनट में 26-24, 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

22 साल की मालविका अगले दौर में राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पदक विजेता क्रिस्टी गिल्मोर से भिड़ेंगी। अन्य मुकाबलों में आकर्षी कश्यप को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सामिया इमाद एकतरफा मुकाबले में क्रिस्टी के खिलाफ 9-21, 7-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सीह पेई शेन और हुंग एन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-16, 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी पहले दौर में टेन कियान मेंग और लाई पेई जिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 16-21 से हार गई।

पेनल्टी कॉर्नर का तोड़ा मिथक

# 26 में से 18 मैदानी गोल भारत का सुधरा प्रदर्शन




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम के दूसरे कांस्य पदक जीतने के बाद कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने कहा था कि अगर देश को अंतरराष्ट्रीय हॉकी में लगातार जीत हासिल करनी है तो खिलाड़ियों को मैदानी गोल की संख्या में इजाफा करना होगा।

भारतीय टीम ने चीन के हुलुनबुइर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड पांचवीं बार खिताब जीतकर जवाब दिया कि अब ऐसा नहीं है क्योंकि टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया। हरमनप्रीत सिंह और उनके साथी खिलाड़ियों ने इस शानदार अभियान के दौरान टूर्नामेंट में कुल 26 में से 18 मैदानी गोल दागे। इस मामले में यह पेरिस ओलंपिक अभियान से काफी सुधरा प्रदर्शन था क्योंकि उसमें भारत ने कुल 15 गोल दागे थे जबकि सिर्फ तीन मैदानी गोल हुए थे। पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले करिश्माई गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने ज्यादा मैदानी गोल की जरूरत पर जोर दिया था।

### भारत शीर्ष गोल स्कोरर

*भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 26 गोल किए। उसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (18), कोरिया (17), मलेशिया (17), जापान (15) और चीन (10) रहे। यह काफी सुधरा प्रदर्शन रहा और फुल्टन को उम्मीद है कि आगामी टूर्नामेंटों में भी यह चलन जारी रहेगा।*

### युवा खिलाड़ियों ने दागे 11 मैदानी गोल

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपेक्षाकृत युवा टीम उतारी थी जबकि मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय जैसे अनुभवी फॉरवर्ड को आराम दिया। पेरिस ओलंपिक टीम में शामिल केवल दो स्ट्राइकर अभिषेक और सुखजीत सिंह को ही टीम में बरकरार रख गया था। फुल्टन ने पूर्व जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह, अराईजीत सिंह हुंडाल और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। और इन नए खिलाड़ियों ने भी निराश नहीं किया। बल्कि युवा अग्रिम पंक्ति ने 11 मैदानी गोल किए।

## पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने पोंटिंग, किया 4 साल का करार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को बुधवार को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह इस आईपीएल टीम में अपने हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं। फ्रेंचाइजी के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, 'हम रिकी को अगले चार सत्र के लिए हमारी टीम का मार्गदर्शन करने और उसे तैयार करने के लिए अपने साथ जोड़कर बहुत खुश हैं। उनका अनुभव एक ऐसी टीम बनाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है जो मैदान पर सफलता हासिल करे।' आईपीएल के एक सूत्र कहा कि टीम के बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे। पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं।



# दलीप ट्रॉफी : अय्यर, सैमसन को मिलेगा एक और मौका

एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, रियान पराग और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दौर के मैचों में लंबी अवधि के प्रारूप में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा। सत्र की शुरुआत में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में कोई नॉकआउट मैच नहीं होगा तथा सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनेगी।

अभी दो मैचों में नौ अंकों के साथ भारत सी अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद भारत बी (07), भारत ए (06) और भारत डी (00) का नंबर आता है। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली भारत सी टीम अंतिम दौर के मैच में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली भारत ए की टीम का सामना करेगी जबकि अभिमन्यु ईश्वरन के नेतृत्व वाली भारत बी की टीम भारत डी से भिड़ेगी जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं।



### भारत ने भारोत्तोलन राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में जीते 11 स्वर्ण

**सुवा।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिये। बाबुलाल हेम्ब्रोम ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में 114 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से कुल 180 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बेदाबरत भाराली ने भी 73 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में कुल 200 किग्रा के वजन से स्नैच तथा क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।



# किरण डोप जांच में विफल पूनिया का नाम गायब

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता गोला फेंक एथलीट किरण बालियान को प्रतिबंधित पदार्थ की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया। विभिन्न खेलों के कई खिलाड़ियों के नाम डोपिंग करने वाले एथलीट की ताजा सूची में शामिल हैं। हैरानी की बात है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया का नाम ताजा अपडेट हुई सूची से गायब है जबकि उनका नाम नाडा द्वारा हाल में जारी की गई पिछली सूची में शामिल था। नाडा ने 23 जून को पूनिया को दूसरी दफा निलंबित कर दिया था। तीन हफ्ते पहले नाडा के अनुशासन रोधी डोपिंग पैनल ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द कर दिया था कि उन्हें राष्ट्रीय संस्था द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिया गया था। नाडा ने 23 जून को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को निलंबित कर दिया क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान अपने मूत्र के नमूने देने से इनकार कर दिया था। 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली तार गोला फेंक एथलीट मंजू बाला का नाम भी इस सूची में है।



### मेंडिस का शतक, श्रीलंका का स्कोर 302/7

**गॉल।** मध्यक्रम बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस (114 रन) के शानदार शतक की बदौलत श्रीलंका मुश्किल हालात से उबरकर बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरूआती दिन स्टंप तक सात विकेटपर 302 रन बनाने में कामयाब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओरोरके ने 57 रन देकर तीन विकेट चटकाये लेकिन कामिंदु मेंडिस को कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने अपने सातवें टेस्ट में चौथा शतक जड़ दिया। बायें हाथ के बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस को बल्लेबाजी के लिए ऊपरी क्रम में उतारा गया जिन्होंने महज 11 पारियों में 800 से ज्यादा रन बना लिए हैं।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
धमतरी शाखा : सिहावा चौक, धमतरी (छ.ग.)
फोन-07722-236522

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि *सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| मेसर्स निखिल पॉल्ट्री फार्म, प्रोप. श्री सोहन लाल चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी | 1. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 780, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.15 हेक्टे./16145.87 वर्गफीट, ग्राम-आरौद, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, **चौहद्दी : उत्तर**-बुट्टु की भूमि, **दक्षिण**-नरसिंग की भूमि, **पूर्व** - सुधीर की भूमि, **पश्चिम**- सोहन लाल चक्रधारी की भूमि. 2. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 781, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.02 हेक्टे./2152.78 वर्गफीट, ग्राम-आरौद, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी | दिनांक 10.06.2024 / कब्जा दिनांक 13.09.2024 | ₹ 57,93,941/- (संतावन लाख तिरानवे हजार नौ सौ इक्चालिस रुपये मात्र) एवं ब्याज + अन्य खर्च |

(छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, **चौहद्दी : उत्तर**-रोशन की भूमि, **दक्षिण**-शासकीय भूमि, **पूर्व**-विक्रेता की भूमि, **पश्चिम**- शासकीय भूमि. 3. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 782, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.30 हेक्टे./32291.73 वर्गफीट, ग्राम-आरौद, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, **चौहद्दी : उत्तर**-अंजोर पिता बिंझवर की भूमि, **दक्षिण**-राजेश कुमार की भूमि, **पूर्व**-सुरतान की भूमि, **पश्चिम**- उदेसिंग पिता गजानंद की भूमि.

दिनांक : 13.09.2024, स्थान : धमतरी

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया




# मंगल के अंदर वैज्ञानिकों को मिला रहस्यमय ढांचा, लाल ग्रह में बड़ी हलचल


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों और स्पेस एजेंसियों के लिए मंगल ग्रह लगातार दिलचस्पी लगातार बढ़ती रही है। मंगल ग्रह को लेकर वैज्ञानिक लगातार शोध कर रहे हैं। ऐसे ही एक शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। मंगल ग्रह के नीचे उस जगह शोधकर्ताओं को एक विशाल छिपी संरचनाओं को पता चला है, जहां कभी एक प्राचीन महासागर हुआ करता था। साइंस अलर्ट में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशनों और एडवांस मॉडलिंग से मिले डेटा को मिलकार यह खोज की है। डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के बार्ट रूट ने बर्लिन ने यूरोप्लेनेट साइंस कांग्रेस में शोध के नतीजों को प्रस्तुत किया है, जो इस ग्रह के रहस्यमय अंदरूनी भाग के बारे में दिलचस्प जानकारी देते हैं।

## फट सकता है सौरमंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी

### ग्रह के अंदर दबा है ज्वालामुखी

डॉ. रूट ने कहा, 'ये सघन संरचनाएं मूल रूप से ज्वालामुखी हो सकती हैं या प्राचीन प्रभावों से संकुचित सामग्री हो सकती हैं।' शोधकर्ताओं ने ग्रह के उत्तरी ध्रुवीय कैप के पास अलग-अलग आकार की लगभग 20 विशेषताओं की पहचान की है। ग्रह की सतह पर इन विशेषताओं का कोई सबूत नहीं मिलता है। डॉ. रूट ने बताया कि गुरुत्वाकर्षण डेटा मंगल के उत्तरी गोलार्द्ध की एक दिलचस्प झलक प्रदान करता है। शोधककर्ताओं ने मंगल की आंतरिक संरचना को जानने के लिए अनोखा तरीका अपनाया।



### ऊपर की ओर उठ रहा ज्वालामुखी

अध्ययन ने मंगल ग्रह पर मौजूद सौरमंडल के सबसे बड़े ज्वालामुखी ओलिंपस मॉन्स के अंदर के बारे में भी नई जानकारी दी है। टीम ने लगभग 1750 किलोमीटर चौड़ी एक विशाल, हल्की संरचना की खोज की है जो सतह से 1100 किलोमीटर नीचे स्थित है। यह ज्वालामुखी के अंदरूनी हिस्से को ऊपर की और उभार रही है। ग्रह के आंतरिक भाग में अभी भी हलचल का अनुभव हो रहा है। हालांकि, इस समय लाल ग्रह पर कोई सक्रिय ज्वालामुखी नहीं है, लेकिन शोध बताता है कि कि थारिस क्षेत्र में अतीत में फिर से ज्वालामुखी उभरे हैं।

गायब होगा सूरज और आएगी महामारी

# 647 साल आगे की दुनिया देखकर लौटा शख्स!



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इंसान का स्वभाव है कि हमेशा अपना भविष्य जानना चाहता है। ऐसे में हम ज्योतिषी की शरण लेते हैं, जो ग्रह-नक्षत्रों की चाल देखकर हमारे फ्यूचर के बारे में बता सके। इंसान की फितरत ही रही है कि वो उन चीज़ों के बारे में ज्यादा जानकारी लेना चाहता है, जो उसने देखी नहीं हैं, ऐसे में भविष्य की बातें सभी को रोमांचक लगती हैं। इसी रोमांच को बढ़ाने के लिए एक शख्स ने दावा किया है कि वो 650 साल आगे की दुनिया देखकर आया है। ज्योतिष और अंक गणना से तो भविष्य बताया ही जाता है। इसके अलावा भी कुछ ऐसे लोग हैं, जो टाइम ट्रैवेल करने का दावा किया है। ऐसे ही एक टाइम ट्रैवेलर ने दावा किया है कि वो 647 साल आगे की दुनिया देखकर लौटा है। उसने साल 2024 से जुड़े हुए 5 खतरनाक दावे किए हैं, जिन्हें सुनकर ही आप खौफ में आ जाएंगे।

**किए 5 डरावने दावे**

### इसी साल होंगी ये 5 अहम घटनाएं

20 सितंबर को 70 अलग-अलग किस्म के जानवरों की खोज ऑस्ट्रेलिया में होगी, जिसमें 3 फीट की मकड़ी, 60 फीट की तितलियां और जिराफ होंगे।

23 अक्टूबर को सोलर एनर्जी वाइब्स के ज़रिये इंसान अमरता के बारे में जानेगा। सूर्य से आने वाली विचित्र ऊर्जा लोगों को ये दिखा देगी कि उनकी मृत्यु कब होगी।

25 अक्टूबर को दुनिया के लिए मर चुका एक संगीतकार जीवित होने का ऐलान करेगा। वो बताएगा कि उसने मौत के बारे में झूठ बोला था।

9 नवंबर को सूर्य एक हफ्ते के लिए गायब हो जाए और दुनिया अंधकार में चली जाएगी।


12 नवंबर को अंटार्कटिका की बर्फ के नीचे से एक एलियन अवशेष खोजा जाएगा। ये एक रहस्यमय बीमारी वाला होगा, जो दुनिया में तेज़ी से फैल जाएगी। इसका कोई इलाज नहीं होगा।

# सूर्य ग्रहण साल 2024, 2025 और 2026 में कब-कब लगेगा, जानें एक-एक तारीख

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

खगोलीय घटनाओं में सबसे मशहूर और आकर्षक सूर्य ग्रहण है। यह बेहद दुर्लभ है, जिस कारण इसका दिखना पूरी दुनिया भर में लोगों को आकर्षित करता है। सूर्य ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी और सूर्य के बीच से चंद्रमा गुजरता है। यह कुछ समय के लिए सूर्य को ढंक लेता है। यह पूरे इंसानी इतिहास में देखी जाने वाली सबसे बेहतरीन घटनाओं में से एक है। साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगा था। यह एक पूर्ण सूर्य ग्रहण था जो अमेरिका और कनाडा के ऊपर से गुजरते हुए पूरे उत्तरी अमेरिका में दिखा था। हालांकि यह भारत में नहीं दिखा था। अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी पर चंद्रमा की एक बड़ी परछाई दिखती है। अगले सूर्य ग्रहण की बात करें तो इसमें अब एक महीने से भी कम समय बचा है। इसकी तारीख हम जानें उससे पहले सूर्य ग्रहण किस तरह के होते हैं यह जानना बहुत जरूरी है।

## सूर्य ग्रहण के प्रकार



**पूर्ण सूर्य ग्रहण**: पूर्ण सूर्य ग्रहण एक ऐसा ग्रहण है जब चंद्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेता है। इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है। हर सूर्य ग्रहण का एक पथ होता है। साथ ही एक ऐसा समय होता है जब चंद्रमा पूरी तरह ढंक जाता है, जिसे समग्रता करते हैं। यह कुछ ही मिनटों का होता है। तब पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। साथ ही तापमान भी गिर जाता है।

**आंशिक सूर्य ग्रहण**: आंशिक सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य एक लाइन में सीधे नहीं होते। इस कारण चंद्रमा सूर्य के कुछ हिस्से को ही ढक पाता है। वही, अन्य सूर्य ग्रहण में लोकेशन के कारण भी आंशिक सूर्य ग्रहण दिखता है।

**वलयाकार सूर्य ग्रहण**: वलयाकार सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर हो। तब यह पूरी तरह सूर्य को ढक नहीं पाता, जिस कारण हमें सूर्य ग्रहण के दौरान आसमान में एक 'आग की रिंग' दिखती है।

**हाइब्रिड सूर्य ग्रहण**: हाइब्रिड सूर्य ग्रहण को वलयाकार-पूर्ण ग्रहण कहा जाता है। इसमें यह सूर्य को पूरी तरह ढकता है, लेकिन कुछ हिस्सा खुला रह जाता है।

## अगले पांच सूर्य ग्रहण की तारीख

**2 अक्टूबर 2024**: इस साल 2 अक्टूबर को इस साल एक और सूर्य ग्रहण लगेगा। यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। यह दक्षिण अमेरिका में दिखाई देगा। आंशिक सूर्य ग्रहण के रूप में इसे दक्षिण अमेरिका, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी अमेरिका में देखा जा सकेगा। 2026 तक लगने वाला कोई भी सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा।

**29 मार्च 2025**: यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा। यूरोप, एशिया के कुछ हिस्से, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, आर्कटिक महासागर में दिखेगा।

**21 सितंबर 2025**: यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा। ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर में दिखेगा।

**17 फरवरी 2026**: यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा जो अंटार्कटिका में दिखेगा। इसके अलावा आंशिक ग्रहण अंटार्कटिका के अन्य हिस्से, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर और हिंद महासागर में दिखाई देगा।

**12 अगस्त 2026**: यह एक पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा जो ग्रीनलैंड, आइसलैंड, स्पेन, रूस और पुर्तगाल के एक छोटे हिस्से में दिखेगा। आंशिक सूर्य ग्रहण यूरोप, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, आर्कटिक महासागर और प्रशांत महासागर में देखा जा सकेगा।

# 60 रुपए की चॉकलेट के चक्कर में गई नौकरी



**बीजिंग।** जब हम छोटे होते हैं तो माता-पिता के बाद जिस शख्स से सबसे अच्छी बॉन्डिंग होती है, वो हमारे पसंदीदा टीचर होते हैं। यही वजह है कि जब भी टीचर्स डे आता है तो बच्चों में ये होड़ लग जाती है कि वो अपनी टीचर को कुछ न कुछ देकर उन्हें शुभकामना दें और अपना प्यार उनके लिए जताएं। कुछ ऐसा ही हुआ पड़ोसी देश चीन में भी। यहां टीचर्स डे पर एक नर्सरी स्कूल की प्रिंसिपल के साथ बेहद बुरा वाक्या हुआ। कहा जाता है कि इंसान का वक्त खराब हो, तो छोटी से छोटी चीज़ भी नुकसान दे जाती है। कुछ ऐसा ही अध्यापिका के साथ भी, जिसकी नौकरी सिर्फ 60 रुपए की चॉकलेट के चक्कर में चली गई।

### टीचर होकर गिफ्ट कैसे ले लिया?

स्कूल की ओर से दावा किया गया कि वांग ने चीन की मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के नियम का उल्लंघन किया है, क्योंकि शिक्षक अपने छात्र या उनके माता-पिता से किसी तरह का गिफ्ट नहीं ले सकते। जब वांग ये मामला कोर्ट तक ले गईं, तो उन्हें इंसाफ मिला। कोर्ट ने माना कि उन्हें निकाला जाना अवैध है और इसके लिए उन्हें मुआवज़ा दिया जाए।

# किस जानवर का खून है सबसे महंगा? 1 लीटर की कीमत में आ जाएगी कार !

## इतने काम का कि करते हैं स्टोर

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

दुनिया में कई ऐसे जीव हैं जिनके बारे में लोगों को कम जानकारी होती है। पर ये जीव बड़े ही अनोखे और काम के होते हैं। कई बार तो इन जीवों के भरोसे इंसान की जिंदगी टिकी होती है। ऐसा ही एक जीव मौजूद है जिसका खून इस दुनिया में सबसे महंगा मिलता है। 1 लीटर की कीमत में आप एक कार खरीद सकते हैं! आपको जानकर हैरानी होगी कि इस जीव का खून इतना महंगा होता है कि इसे स्टोर कर के रखा जाता है और मेडिकल कामों में लाया जाता है। नेचरल हिस्ट्री म्यूजियम और मैरीलैंड वेबसाइट के



अनुसार हॉर्स शू क्रैब 45 करोड़ साल पुराना जीव है जिसे डायनासोर से भी पुराना बताया जाता है। ये केकड़े अन्य केकड़ों जैसे ही दिखते हैं। इनके शेल होते हैं और बॉडी में टेल भी होती है। इन केकड़ों का खून नीले रंग का होता है। ये नीला रंग हीमोसायनिन की वजह से होता है जो इनके खून में मिला होता है।

### बेहद कीमती होते हैं ये केकड़े

इस खून को नीला सोना भी कहते हैं। स्टडी डॉट कॉम की वेबसाइट के अनुसार 1 लीटर खून की कीमत 15 हजार डॉलर यानी करीब 12 लाख रुपए तक होती है। इतने में तो आप आराम से एक कार खरीद सकते हैं। अब सवाल ये उठता है कि ये खून इतना महंगा क्यों है? दरअसल, इस खून को मेडिसिनल वैल्यू काफी ज्यादा है। एक वेबसाइट के अनुसार इस जीव के खून में एक प्रोटीन होता है जिसे लिमुलस अमीबोसाइट लाइसेट (एलएएल) कहा जाता है। इसका उपयोग दवा और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं द्वारा अपने सामान की टेस्टिंग में होता है।

# श्रीलंका और फ्रांस का राष्ट्रीय पक्षी है 'मुर्गा'

**नई दिल्ली।** हर देश एक विशेष राष्ट्रीय पशु या राष्ट्रीय पक्षी का चयन करता है। हमारे देश का राष्ट्रीय पक्षी मोर है। इसी तरह 'मुर्गा' भी श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी है। यहां राष्ट्रीय पक्षी श्रीलंकाई जंगल फाउल यानी जंगलमुर्गी है। पहले इसे सीलोन जंगलफाउल कहा जाता था। यह पक्षी केवल श्रीलंका के विभिन्न वन क्षेत्रों में पाया जाता है। यह मुर्गे की एक प्रजाति है। जंगली मुर्गे सर्वाहारी यानी शाकाहारी और मांसाहारी दोनों होते हैं। जंगली मुर्गे की लंबाई लगभग 35 सेमी और वजन 510-645 ग्राम होता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि श्रीलंका के अलावा यूरोपीय देश फ्रांस का राष्ट्रीय पक्षी मुर्गा ही है। यहां गैलिक रूस्टर यानी एक किस्म के जंगली मुर्गे को राष्ट्रीय पक्षी बनाया गया है।










# पानी में डूबी रहती हैं इस महल की तीन मंजिलें, समाधि से पहले रानी ने खुद कर दिया था जलमग्न

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कमला पार्क में मौजूद रानी कमलापति महल करीब 300 साल पुराना है, जो अपने अंदर कई रहस्य संजोए हुए है। कमलापति का महल हमेशा पानी में डूबा रहता है, इसलिए इसे जल महल भी कहा जाता है। रानी कमलापति ने खुद इस खूबसूरत महल को डुबो दिया था और जल समाधि ले ली थी। भोपाल के वीरांगना ग्राउंड में रानी कमलापति की प्रतिमा भी लगी है। रानी कमलापति महल में मुगलकालीन वास्तुकला का नमूना देखने को मिलता है। छोटे तालाब के किनारे बसे इस महल की 3 मंजिलें अब भी पानी में डूबी हुई हैं। महल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की भोपाल जिले में स्थित एकमात्र नॉन लिविंग साइट है, जिसका निर्माण लखौरी ईंटों से किया गया और महल से शहर की खूबसूरती देखने को मिलती है। सात मंजिला



महल की लगभग तीन मंजिलें आज भी पानी के अंदर डूबी हैं। वहीं, छोटे तालाब का जलस्तर बढ़ने पर इसकी पांच मंजिलें पूरी तरह पानी में डूब जाती हैं। इस महल की खूबसूरती को निहारने और किस्से सुनने के लिए सैलानी दूर-दूर से आते हैं। रानी कमला पति महल का निर्माण 300 साल पहले निज़ाम साहब की पत्नी रानी कमलापति ने करवाया था. इसी वजह से महल का नाम कमलापति महल रखा गया. आज इस महल को भोजपाल का महल और जहाज महल के नाम से भी जाना जाता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com